RAJHIN/2016/70516
Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू
smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 53 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,शुक्रवार, 21 अगस्त 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08

## जंतर-मंतर प्रोटेस्ट-सुप्रीम कोर्ट ने जांच समिति बनाई

### पूर्व जज को अध्यक्ष बनाया, प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के आरोपों की जांच करेंगे

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** नीट पेपर लीक और परीक्षा में कथित अनियमितताओं के खिलाफ हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस और सुरक्षा बलों पर लगे कथित बल प्रयोग के आरोपों की जांच अब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में होगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पांच सदस्यीय हाई-पावर्ड एक्सपर्ट कमेटी गठित की है। कमेटी दिल्ली के जंतर-मंतर समेत देश के विभिन्न हिस्सों में हुए प्रदर्शनों के दौरान पुलिस, पैरामिलिट्री फोर्स और अन्य सुरक्षा कर्मियों की कार्रवाई की जांच करेगी।



सुप्रीम कोर्ट ने कमेटी को मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए महिला प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित हिंसा, उत्पीड़न और छेड़छाड़ से जुड़े आरोपों की प्राथमिकता से जांच करने को कहा है।

कमेटी यह भी देखेगी कि प्रदर्शनकारियों को गंभीर चोट पहुंचाने या अन्य नुकसान के जो आरोप लगाए गए हैं, उनमें सुरक्षा बलों की कार्रवाई किस स्तर के आदेश या चेन ऑफ कमांड के तहत हुई थी।

#### प्रदर्शनकारियों और घायल पुलिसकर्मियों के मुआवजे पर भी विचार

कमेटी प्रदर्शन के दौरान घायल हुए लोगों के लिए अंतरिम मुआवजे के मुद्दे पर भी विचार करेगी। इसमें प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ घायल पुलिस और सुरक्षा कर्मियों को भी शामिल किया जाएगा।



#### लाठीचार्ज, आंसू गैस और पेलेट के इस्तेमाल की जांच

कमेटी के जांच के दायरे में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कथित तौर पर किए गए अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप भी शामिल हैं। इनमें लाठीचार्ज, आंसू गैस, इलेक्ट्रिक बैटन और पेलेट गन जैसे साधनों के इस्तेमाल की परिस्थितियों की जांच की जाएगी। पैनल यह भी जांच करेगा कि प्रदर्शनकारियों को बल प्रयोग से पहले पर्याप्त चेतावनी दी गई थी या नहीं और इस्तेमाल किया गया बल परिस्थितियों के अनुपात में था या नहीं। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले भी कहा था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन संवैधानिक अधिकार है और केवल आंदोलन करने के आधार पर पुलिस कार्रवाई को उचित नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने प्रदर्शनों से निपटने के लिए देशभर में एक समान प्रोटोकॉल की आवश्यकता पर भी जोर दिया था।

#### 20 जुलाई को हुआ था 'संसद चलो' मार्च

नीट-यूजी पेपर लीक और परीक्षा व्यवस्था में कथित अनियमितताओं के खिलाफ कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने 20 जुलाई को संसद की ओर %संसद चलो% मार्च का आह्वान किया था। यह मार्च संसद के मॉनसून सत्र के पहले दिन आयोजित हुआ था। जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर प्रदर्शनकारियों की ओर से अत्यधिक बल प्रयोग के आरोप लगाए गए थे। इसके बाद मामले में सुप्रीम कोर्ट में कई याचिकाएं दाखिल हुईं। सुप्रीम कोर्ट ने जुलाई के अंत में भी प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगाते हुए कहा था कि पुलिस ज्यादतियां के आरोप प्रथम दृष्टया स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच का मामला बनाते हैं।

#### पेलेट गन के इस्तेमाल पर भी होगी जांच

*कमेटी यह भी देखेगी कि पंप-एक्शन या प्रोजेक्टाइल-एक्शन गन से दागे जाने वाले मेटैलिक काइनेटिक प्रोजेक्टाइल या पेलेट के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए या नहीं। सुप्रीम कोर्ट पहले ही इस मामले में पेलेट गन के इस्तेमाल को लेकर सवाल उठा चुका है और दिल्ली पुलिस से इसके इस्तेमाल से संबंधित स्क्करिकॉर्ड पर रखने को कहा गया था।*

#### पुलिस की यूनिफॉर्म और नेमप्लेट की भी जांच

*जांच का एक अहम पहलू यह भी होगा कि प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी या उनके खिलाफ बल प्रयोग के दौरान पुलिस और सुरक्षा कर्मियों ने निर्धारित यूनिफॉर्म और स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाली नेमप्लेट पहनी थी या नहीं। कमेटी यह भी देखेगी कि पुलिस और सुरक्षा बलों ने कार्रवाई के दौरान लागू कानूनों, नियमों और निर्धारित प्र याओं का पालन किया या नहीं।*

#### प्रदर्शनकारियों की निगरानी और प्राइवेसी भी जांच के दायरे में

*सुप्रीम कोर्ट ने प्रदर्शनकारियों की पुलिस निगरानी और सर्विलांस को भी जांच के दायरे में रखा है। कमेटी यह देखेगी कि विरोध प्रदर्शनों के दौरान की गई निगरानी निजता के अधिकार और शांतिपूर्ण सभा के संवैधानिक अधिकार के अनुरूप थी या नहीं।*

### झारखंड सरकार को बड़ा झटका

## 22 भर्ती परीक्षाएं रद्द करने के फैसले पर हाईकोर्ट की रोक

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** झारखंड सरकार के 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती देने वाले सफल अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने गुरुवार को राज्य सरकार के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसके तहत कथित गड़बड़ियों और अनियमितताओं के आधार पर 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला लिया गया था। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद प्रभावित अभ्यर्थियों ने हाई कोर्ट का रुख किया था। चार अलग-अलग याचिकाओं के जरिए परीक्षाएं रद्द करने के फैसले को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ताओं में उन परीक्षाओं में सफल उम्मीदवार शामिल हैं, जिन्हें सरकार के फैसले के बाद अपनी नौकरी और नियुक्ति को लेकर चिंता सताने लगी थी। झारखंड सरकार ने अलग-अलग प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित




गड़बड़ियों की सीआईडी और एसआईटी जांच के निष्कर्षों के आधार पर 22 भर्ती परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला लिया था। सरकार की कार्रवाई का असर जेपीएससी और जेएसएससी से जुड़ी कई महत्वपूर्ण भर्ती प्रक्रियाओं पर पड़ा। रद्द की गई परीक्षाओं में जेपीएससी 11वीं-13वीं कंबाइंड सिविल सर्विसेज परीक्षा, जेएसएससी-सीजीएल समेत कई महत्वपूर्ण भर्तियां शामिल हैं। सरकार के फैसले से सफल और नियुक्त हो चुके अभ्यर्थियों के बीच भी असमंजस की स्थिति पैदा हो गई थी।

#### किन भर्ती परीक्षाओं पर पड़ा असर?

सरकार के फैसले के दायरे में अलग-अलग विभागों और पदों से जुड़ी भर्ती परीक्षाएं शामिल हैं। इनमें प्रमुख रूप से सिविल जज, डिप्टी कलेक्टर, फूड सेफ्टी ऑफिसर, ड्रग इंस्पेक्टर, असिस्टेंट प्रोफेसर, लेक्चरर, असिस्टेंट इंजीनियर, फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर और असिस्टेंट कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट जैसे पदों की भर्ती शामिल है। जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती प्र याओं में कथित अनियमितताओं को लेकर राज्य में लंबे समय से छात्रों और अभ्यर्थियों का आंदोलन चल रहा था। सरकार ने 22 परीक्षाएं रद्द करने के साथ कई अन्य परीक्षाओं और पुरानी भर्ती प्र याओं की जांच का भी फैसला लिया था।

### फर्स्ट कालम

#### योगेश साहू ने केबीसी में जीते 50 लाख



**बलौदाबाजार , 20 अगस्त।** बलौदाबाजार जिले के रहने वाले 23 साल के योगेश साहू ने कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) में 50 लाख रुपए जीते हैं। उन्होंने 1 करोड़ रुपए के सवाल का जवाब देने के बजाय गेम क्विट कर दिया। मुंबई से लौटने के बाद भाटापारा रेलवे स्टेशन पर सामाजिक कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने योगेश का जोरदार स्वागत किया। उनकी सफलता पर परिवार, गांव और क्षेत्र के लोगों ने खुशी जताई। बता दें कि योगेश के पिता गयाराम साहू महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल रमेश बैस के ड्राइवर हैं। ग्राम टेहका के रहने वाले योगेश आईआईटी बॉम्बे में टॉपर रह चुके हैं। उन्होंने आईआईटी में पहले ही प्रयास में एडमिशन लिया था। उन्होंने कैंपस प्लेसमेंट में मिली 1.5 लाख रुपए महीने की नौकरी छोड़ दी, क्योंकि वह ब्यूरोक्रेट अधिकारी बनने का अपना सपना पूरा करना चाहते हैं।

#### नशेड़ी गले में सांप लपेटकर काटने के लिए उकसाता रहा



**पेंड्रा, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जिले में गौरेला क्षेत्र के भदौरा गांव में शराब के नशे में एक युवक द्वारा जहरीले सांप के साथ खतरनाक करतब करने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि, संतराम भैना नामक युवक ने पड़ोसी के घर में घुसे जहरीले सांप को पकड़कर गले में लपेट लिया और गांव में घूमने लगा। इस दौरान सांप ने युवक को कई बार डस लिया। सांप के डसने के बाद संतराम पर जहर का असर दिखाई देने लगा। ग्रामीणों और परिजनों ने आनन-फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया।

#### हाथी के हमले में युवक की मौत के बाद बवाल

**सूर जपुर , 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में हाथी के हमले में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत के बाद ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा है। घटना के विरोध में ग्रामीणों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है। करीब छह घंटे से जारी प्रदर्शन के चलते पोड़ी मोड़ स्थित बनारस मार्ग पर आवागमन प्रभावित है। ग्रामीण वन विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मौके पर जिला अधिकारियों को बुलाने और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

## पति ने पत्नी और बहन को गोली मारने के बाद खुद को उड़ाया

**लखनऊ, 20 अगस्त (एजेंसी)।** लखनऊ में एसबीआई के फील्ड ऑफिसर ने बैंक रिलेशनशिप मैनेजर पत्नी और अपनी बहन की गोली मारकर हत्या कर दी। फिर खुद भी गोली मारकर जान दे दी। गुरुवार दोपहर वह कार से आईसीआईसीआई बैंक पहुंचा और फोन करके पत्नी दिव्या मिश्रा को ऑफिस से बाहर बुलाया। थोड़ी देर उनसे बातचीत की, फिर गोली मारकर भाग गया।

इसके बाद वह सीधे 2 किमी दूर अपने घर पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वह पसीने से भीगा हुआ था। अंदर जाने के बाद कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और बहन को गोली मार दी। फिर खुद को भी गोली मार ली। आवाज सुनकर पड़ोसी पहुंचे और दरवाजा तोड़ा। अंदर भाई-बहन की खून से लथपथ लाश पड़ी थी। टीवी पर तेज आवाज में हनुमान चालीसा चल रही थी।

वारदात गोमतीनगर थाना क्षेत्र में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही अफसर मौके पर पहुंच गए। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा भी मौके पर पहुंचे। वारदात की वजह अभी क्लियर नहीं है। लेकिन, मानस ने वॉट्सएप स्टेटस लगाया था।

स्टेटस में मानस ने इस वारदात का कारण दिव्या के धोखा देने को बताया है। उसने लिखा मैंने अपनी पत्नी की हत्या कर दी, क्योंकि उसने मुझे धोखा दिया। अब मुझे खुद को और अपनी बहन को भी मारना है। उसकी (दिव्या की) बहन प्रज्ञा और उनके पति भरत यादव को सबकुछ पता है। दिव्या मिश्रा (33) आईसीआईसीआई बैंक में असिस्टेंट मैनेजर थीं। दिव्या, यूट्यूबर प्रज्ञा मिश्रा की बहन थीं। दिव्या की शादी 12 साल पहले हुई थी। अभी कोई बच्चा नहीं था। उन्होंने एक साल पहले पति मानस बाजपेई (35) से तलाक के लिए कोर्ट में अपील दायर की थी। इसके बाद से वह आलमबाग में रहती थीं।



#### बैंक के बाहर पत्नी की सरेआम गोली मारकर हत्या

घटना म की शुरुआत गोमती नगर स्थित आईसीआईसीआई बैंक की शाखा के बाहर हुई। आरोपी मानस बाजपेई अपनी पत्नी दिव्या मिश्रा से मिलने पहुंचा, जो बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर कार्यरत थीं। दोनों के बीच कोर्ट में पारिवारिक विवाद का मामला चल रहा था। बातचीत के दौरान कहासुनी बढ़ी और मानस ने सरेआम दिव्या पर गोलियां बरसा दीं। गोली लगने से दिव्या मिश्रा की मौके पर ही मौत हो गई।

#### घर पहुंचकर बहन की हत्या और फिर खुदकुशी

पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी वहां से सीधे अपने घर पहुंचा। जानकारी के मुताबिक आरोपी के माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था और घर पर उसकी बहन उसके साथ रहती थी। मानसिक तनाव और गुस्से में आकर आरोपी ने घर में मौजूद अपनी बहन को भी गोली मार दी, जिससे उसकी भी जान चली गई। इसके तुरंत बाद उसने उसी हथियार से खुद के सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली। दोहरे हत्याकांड और आत्महत्या की सूचना मिलते ही पुलिस कमिश्नरेट के आला अधिकारी भारी पुलिस बल और फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले के सभी पहलुओं और अदालती विवाद की पृष्ठभूमि की गहनता से जांच की जा रही है।

## दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर बुलडोजर चला

### बैरिकेड-फेंसिंग हटाई गईं; दो दिन पहले इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर कार्रवाई हुई थी

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर बने अवैध ढांचों को बुधवार देर रात बुलडोजर से हटा दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, ये ढांचे हाई कमीशन की तय सीमा से बाहर बने थे।

पाकिस्तान हाई कमीशन का ऑफिस दिल्ली के चाणक्यपुरी के शांतिपथ पर है। यहां बैरिकेड, फेंसिंग और वीजा सेक्शन के पास कतार प्रबंधन के लिए बनाए गए ढांचे भी हटाए गए। यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब दो दिन पहले इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर लगाए गए सुरक्षा बैरिकेड और पार्किंग पोल हटाए गए थे।



#### कश्मीर पर अमेरिकी राजदूत की टिप्पणी से पाकिस्तान नाराज

दोनों देशों के बीच अमेरिकी राजदूत की कश्मीर पर टिप्पणी को लेकर भी तनाव बढ़ा है। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने श्रीनगर दौरे के दौरान 19 अगस्त को जम्मू-कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका क्षेत्र के लिए अपनी ट्रैवल एडवाइजरी की समीक्षा कर सकता है। पाकिस्तान ने सर्जियो के बयान पर ऐतराज जताया। पाकिस्तान ने इस्लामाबाद में अमेरिकी चार्ज डी'अफेयर्स नताली बेकर को तलब किया और कहा कि सार्वजनिक बयानों में कश्मीर की स्थिति का ध्यान रखा जाए।

#### वीजा सेक्शन के पास के ढांचे भी हटाए

संबंधित एजेंसियों ने जेसीबी की मदद से हाई कमीशन के बाहर कार्रवाई की। मौके से ली गई तस्वीरों में टूटी रेलिंग, गेट, लोहे के फ्रेम, छत की चादरें, ईंट और कं ीट के टुकड़े बिखरे दिखाई दिए। बाहरी हिस्से की सफेद मेटल फेंसिंग और कुछ कॉरुगेटेड रूफिंग भी हटा दी गई। बुलडोजर एक्शन हाई कमीशन की मेन बिल्डिंग तक नहीं हुआ। मेन गेट, सफेद दीवारें और पाकिस्तानी निशान वाला बड़ा प्रवेश द्वार सुरक्षित रहा। परिसर के कुछ हिस्सों में कांटेदार तार भी लगे दिखाई दिए। तोड़फोड़ के बाद वीजा सेक्शन के सर्विस काउंटर दिखाई दे रहे थे। वहां 'विंडो 1', 'पाकिस्तान पासपोर्ट ऑनली' और 'विंडो-5 / कलेक्शन ऑफ वीजा एप्लीकेंट्स' जैसे बोर्ड लगे थे। काउंटरों के आसपास टूटी फेंसिंग और कंस्ट्रक्शन सामान पड़े थे।

## दो उपनिरीक्षक सस्पेंड, भ्रष्टाचार के आरोप में एक के खिलाफ चालान पेश

**रायपुर, 20 अगस्त।** शराब दुकानों में ओवररेटिंग और नियमों के विपरीत थोक में शराब बेचने के मामलों को लेकर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी आयुक्त ने कार्रवाई करते हुए दो आबकारी उपनिरीक्षकों को निलंबित कर दिया है। वहीं, भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी आबकारी उपनिरीक्षक संतोष नारंग के खिलाफईओडब्ल्यू-एसीबी द्वारा कोर्ट में चालान पेश किए जाने के बाद विभाग ने भी सख्त कदम उठाया है। मिली जानकारी के मुताबिक, बलौदाबाजार के आबकारी उपनिरीक्षक पी. माधव राव को शराब दुकानों में ओवररेटिंग के मामले में निलंबित किया गया है। वहीं धमतरी के आबकारी उपनिरीक्षक आशा राम शाक्य पर शराब को नियमों के विपरीत थोक में बेचने के मामले में निलंबन की कार्रवाई की गई है।

## पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का तिहाड़ में निधन

### सिख विरोधी दंगों में उम्रकैद काट रहे थे; 3 केस में से एक में बरी, 2 में दोषी थे

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** नई दल्ली= 1984 सिख विरोधी दंगों के दोषी और पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार का गुरुवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। समाचार एजेंसी एएनआई के मुताबिक, उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सज्जन कुमार दंगों के मामले में कई उम्रकैद की सजाएं एक साथ काट रहे थे और फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद थे। 1984 के सिख विरोधी दंगों के राजनीतिक असर से जुड़ी एक प्रमुख हस्ती रहे सज्जन कुमार पर इस हिंसा से संबंधित कई अलग-अलग मामले चल रहे थे। हालांकि साल 2026 की शुरुआत में उन्हें एक हाई-प्रोफाइल मामले में बरी कर दिया गया था, फिर भी वे दो अन्य अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिए जाने और उम्रकैद की सजा मिलने के चलते जेल में ही बंद रहे। दिसंबर 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट ने निचली अदालत द्वारा 2013 में सज्जन कुमार को बरी किए जाने के फैसले को पलट दिया था। यह मामला पालम कॉलोनी के राज नगर पार्ट-1 में पांच सिख पुरुषों की हत्या और वहां स्थित एक गुरुद्वारे को आग लगाए जाने से जुड़ा था।



## शराब घोटाला, रामगोपाल अग्रवाल के घर ईडी की रेड

- रायपुर-धमतरी में कार्रवाई, धरने पर बैठे कांग्रेसी, दुर्ग में रिद्धि-सिद्धि बिल्डर्स के घर दबिश

**धमतरी, 20 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में शराब घोटाला मामले में ईडी की रेड पड़ी है। रायपुर, दुर्ग-भिलाई और धमतरी में सुबह ईडी के अफसरों ने दबिश दी। अलग-अलग ठिकानों पर दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच की गई।

रायपुर में कांग्रेस नेता रामगोपाल अग्रवाल के अनुपम नगर स्थित निवास और धमतरी में सिहावा रोड स्थित उनके घर पर 9 घंटे तक कार्रवाई चली। टीम अपने साथ कुछ अहम दस्तावेज लेकर गई है। रामगोपाल अग्रवाल को शराब, कोल और कस्टम मिलिंग घोटाले में आरोपी बनाया गया है। 8 दिन पहले ही ईडी ने उन्हें गिरफ्तार कर रायपुर कोर्ट में पेश किया था। धमतरी में रामगोपाल अग्रवाल के घर ईडी की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। कार्यकर्ताओं ने ईडी और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर विधायक, जिलाध्यक्ष समेत



कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। रायपुर के रवि नगर स्थित कारोबारी अनूप अग्रवाल के घर पर भी ईडी की टीम पहुंची है। अनूप अग्रवाल रामगोपाल अग्रवाल के करीबी माने जाते हैं। टीम घर के अंदर दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच कर रही है। वहीं, दुर्ग में बिल्डर सजल जैन और विश्वास गुप्ता के घर पर सुबह करीब 6 बजे ईडी की टीम पहुंची। करीब 7 अफसरों की टीम दोनों ठिकानों पर जांच कर रही है। कार्रवाई फिलहाल जारी है। जैन और विश्वास गुप्ता कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के करीबी माने जाते हैं। ऐसी चर्चा है कि कई अधिकारियों का पैसा भी दोनों के रियल एस्टेट कारोबार में लगा हुआ है।

## भारत-जापान ने बढ़ाया इंडो-पैसिफिक रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा पर किया बड़ा समझौता

**नई दिल्ली, 20 अगस्त (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में अपने जापानी समकक्ष शिंजिरो कोइजुमी के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने समुद्री रक्षा और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में अपने सहयोग को बढ़ाने पर सहमति जताई। बैठक में दोनों मंत्रियों ने इस बात पर जोर दिया कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को हमेशा खुला और स्वतंत्र बना रहना चाहिए, जिसे कई जानकार चीन की दबंगई भरी नीतियों को लेकर एक अप्रत्यक्ष संदेश के तौर पर भी देख रहे हैं।

इसके अलावा वैश्विक तनाव के मौजूदा माहौल में दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा परिदृश्य से जुड़े आकलन साझा करने पर भी विचार-विमर्श किया।

राजनाथ सिंह और शिंजिरो कोइजुमी ने यथास्थिति बदलने के किसी भी एकतरफा प्रयास का विरोध जताया, जो नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षा को प्रभावित कर सकता हो। संयुक्त बयान के मुताबिक, ÷दोनों मंत्री समुद्री सुरक्षा के क्षेत्र में व्यावहारिक और प्रभावी



तरीके से परिचालन सहयोग को और गहरा करने पर सहमत हुए। बयान में आगे कहा गया, ÷रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा उपकरण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जापान द्वारा हाल ही में किए गए ढांचागत बदलावों का स्वागत किया, और उम्मीद जताई कि जापान इंडो-पैसिफिक क्षेत्र और व्यापक विश्व में शांति व स्थिरता के लिए और अधिक योगदान देगा। उन्होंने खासतौर पर दोनों देशों के बीच रक्षा और प्रौद्योगिकी साझेदारी को और गहरा करने की उम्मीद जताई।

#### संयुक्त नौसैनिक जहाज निर्माण पहल

भारत और जापान नौसैनिक जहाज निर्माण और डिजाइन में एक संयुक्त विकास पहल की संभावना भी तलाशेंगे, जिसमें 'जापान की तकनीकी विशेषज्ञता और भारत की उत्पादन क्षमता का इस्तेमाल दोनों देशों की संबंधित नीतियों के अनुरूप किया जाएगा। राजनाथ सिंह और शिंजिरो कोइजुमी के मुताबिक, भारत और जापान रक्षा जहाज निर्माण में एक-दूसरे की ताकत का भी इस्तेमाल करेंगे, साथ ही 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत भारत की उत्पादन क्षमताओं के जापान द्वारा इस्तेमाल को लेकर चर्चाओं को भी आगे बढ़ाएंगे।

#### समुद्री सुरक्षा सहयोग पर हुआ समझौता ज्ञापन

अपनी द्विपक्षीय बैठक के दौरान राजनाथ सिंह और शिंजिरो कोइजुमी ने समुद्री सुरक्षा सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए, जो भारत और जापान के बीच समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने के लिए एक ढांचा प्रदान करेगा। इस सहयोग का विशेष फोकस भारतीय नौसेना और जापान की मैरीटाइम सेल्फ-डिफेंस फोर्स के बीच के संबंधों पर होगा। संयुक्त बयान के मुताबिक, दोनों देश सर्च एंड रेस्क्यू (एसएआर) और मानवीय सहायता व आपदा राहत (एच.ए.डी.आर) अभियानों में भी अपने सहयोग को बढ़ाने की कोशिश करेंगे। बयान में कहा गया, 'दोनों मंत्रियों ने यह पुष्टि की कि नौसैनिक जहाजों और यूनिटों की आपसी यात्राओं, संयुक्त अभ्यासों, कार्मिकों और विषय विशेषज्ञों (एसएमई) के आदान-प्रदान, तथा बंदरगाहों के इस्तेमाल, रखरखाव व मरम्मत सुविधाओं सहित रसद सहायता के जरिए समुद्री संचार मार्गों की सुरक्षा के लिए दोनों पक्षों के बीच समन्वय को मजबूत किया जाएगा।'

# 252 ग्राम एमडी मामले में निर्दोषों को फंसाने की साजिश का पर्दाफाश...

## बेशकीमती 19 बीघा जमीन हथियाने के लिए रची साजिश, बोलेरो के गियर बॉक्स में छिपाई थी एमडी; 5 पुरुष सहित महिला गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**अ ब्यावर।** जैतारण पुलिस ने 252 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामदगी के मामले में निर्दोष लोगों को एनडीपीएस एक्ट में फंसाने की कथित साजिश का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि जालोर के सायला क्षेत्र में स्थित करीब 19 बीघा बेशकीमती जमीन को हथियाने के लिएसाजिश रची गई थी। आरोपियों ने कथित तौर पर बोलेरो वाहन के गियर बॉक्स में एमडी छिपाकर वाहन मालिक को नशे के मामले में फंसाने की योजना बनाई थी। साइबर सेल और पुलिस टीम की तकनीकी जांच से पूरी साजिश का खुलासा हुआ। पुलिस महानिरीक्षक अजमेर रेंज डॉ. रवि सभरवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्यावर डॉ. अनुकृति उज्जैनिया तथा वृत्ताधिकारी जैतारण रमेन्द्र सिंह हाड़ा के निकटतम सुपरविजन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस थाना बर की थानाधिकारी मंजु मुलेवा के नेतृत्व में पुलिस टीम एवं साइबर सेल ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल चैट, कॉल डिटेल एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर साजिश की कड़ियां जोड़ीं।

**नाकाबंदी में बोलेरो से मिली थी 252 ग्राम एमडी**

पुलिस के अनुसार 14 अगस्त को जैतारण थाना पुलिस ने नेशनल हाईवे-458 पर



राभावास चौराहे के पास नाकाबंदी की। इस दौरान संदिग्ध बोलेरो आरजे 16 यूबी 0456 को रोककर तलाशी ली गई। वाहन में सवार मीठाराम और जबराराम से पूछताछ के बाद तलाशी लेने पर 252 ग्राम एमडी बरामद हुई। इस पर पुलिस थाना जैतारण में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। दोनों आरोपियों ने वाहन में मौजूद एमडी के बारे में अनभिज्ञता जताई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी साक्ष्यों की जांच शुरू की। जांच आगे बढ़ने पर सामने आया कि वाहन में एमडी कथित तौर पर पहले से छिपाई गई थी।

**जमीन विवाद से जुड़ी साजिश का खुलासा**

पुलिस जांच के मुताबिक मीठाराम के पास सायला क्षेत्र में हाईवे पर करीब 19 बीघा जमीन है। आरोपियों ने कथित रूप से इस जमीन को हड़पने के लिए पहले मुख्तियारनामा करवाया और बाद में जमीन का सौदा कर लिया। जमीन को लेकर विवाद होने के बाद मीठाराम को रास्ते से हटाने के लिए साजिश रची गई। जांच में सामने आया कि महेन्द्र राजपुरोहित ने जोगराज से एमडी मंगवाई। इसके बाद किरण उर्फ पिंटू ने मीठाराम की बोलेरो की सर्विस के दौरान गियर बॉक्स में एमडी का पैकेट कथित रूप से छिपा दिया। वहीं कैलाश ने अपनी महिला परिचित साईना के माध्यम से मीठाराम से इंस्टाग्राम पर संपर्क करवाया और उसे जैतारण क्षेत्र में मिलने के लिए बुलाया। इसी दौरान पुलिस ने कार्रवाई कर दी।

**मोबाइल और सीसीटीवी फुटेज बने अहम सुराग**

पुलिस ने आरोपियों से पूछताछ के साथ सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल फोन, चैट, कॉल डिटेल एवं अन्य तकनीकी साक्ष्यों की जांच की। इन साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने कथित साजिश में शामिल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार साईना



रंगरेज पूर्व में सोजत क्षेत्र के एक युवा उद्योगपति को कथित हनीट्रैप में फंसाने के मामले में गिरफ्तार हो चुकी है। वहीं जोगराज राजपुरोहित के खिलाफ पूर्व में एनडीपीएस एक्ट का मामला दर्ज है और वह करीब एक माह पहले ही जमानत पर बाहर आया था।

**छह आरोपी गिरफ्तार**

मामले में महेन्द्र राजपुरोहित पुत्र गोरीशंकर (43), जोगराज पुत्र कालूसिंह (32), हड़माराम पुत्र कानाराम (30), कैलाश वैष्णव पुत्र भगवानदास (46), किरणकुमार सिंह उर्फ पिंटू पुत्र गोरीशंकर (46) तथा साईना पुत्री अब्दुल मजीद रंगरेज (23) को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी जालोर व पाली जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के निवासी हैं।

**इनकी रही अहम भूमिका**

कार्रवाई में मंजु मुलेवा, पुलिस निरीक्षक एवं थानाधिकारी पुलिस थाना बर, गणपतराम, उपनिरीक्षक एवं थानाधिकारी आ.कालू, महावीर सिंह हेड कांस्टेबल 69 थाना रास, दलेल हेड कांस्टेबल 04 थाना रास, बसंती हेड कांस्टेबल 03 थाना जैतारण, रामचरण ईनाणियां कांस्टेबल 408 थाना रास, जेठाराम कांस्टेबल 403 थाना रास, सुशील टोगस कांस्टेबल 318 साइबर सेल ब्यावर, नैनासिंह कांस्टेबल 599 साइबर सेल ब्यावर, करतार सिंह कांस्टेबल 401 थाना रास, सुशील कांस्टेबल 519 थाना रास, प्रहलाद कांस्टेबल 470 थाना जैतारण, अजीत सिंह कांस्टेबल 434 थाना रास, संजय कांस्टेबल 513 थाना रास, पप्पूराम कांस्टेबल 451 थाना आ.कालू तथा रिछपाल कांस्टेबल 620 थाना आ.कालू की महत्वपूर्ण भूमिका रही। साइबर सेल के कांस्टेबल सुशील टोगस का विशेष योगदान रहा। पुलिस ने बताया कि प्रकरण में निर्दोष व्यक्तियों को नियमानुसार न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के तहत राहत दिलाने की कार्रवाई की जाएगी।

## 310 बच्चों के लिए महज 4 शिक्षक, ग्रामीणों ने दिया 3 दिन का अल्टीमेटम



स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** खेरूना राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेरूना में शिक्षकों के रिक्त पद विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भारी पड़ रहे हैं। कक्षा 1 से 12 तक संचालित विद्यालय में 310 विद्यार्थियों के लिए वर्तमान में महज चार शिक्षक होने से शिक्षण व्यवस्था प्रभावित हो रही है। शिक्षकों की कमी को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में लंबे समय से कई पद रिक्त हैं। पर्याप्त शिक्षक नहीं होने से विद्यार्थियों को कई विषयों की नियमित पढ़ाई का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ उनके भविष्य को लेकर अभिभावकों की चिंता भी बढ़ रही है।

**तीन दिन में शिक्षक नहीं लगे तो होगी तालाबंदी**

शिक्षकों की नियुक्ति की मांग को लेकर ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपकर तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि निर्धारित अवधि में विद्यालय में रिक्त पदों पर शिक्षक नियुक्त नहीं किए गए तो स्कूल में तालाबंदी कर आंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ किसी भी कीमत पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग से मांग की है कि विद्यार्थियों के हित को देखते हुए विद्यालय में रिक्त पदों को तत्काल भरा जाए, ताकि शिक्षण व्यवस्था सुचारू हो सके। इस दौरान किशन गुर्जर, एसएमसी सदस्य बनवारी वर्मा, बाबूलाल मीणा, महाराम रेबारी, शंकर रैगर, दीपक कास्ट, कैलाश व्यास, कस्तूर चंद मीणा, देवलाल गुर्जर, फूलचंद कंजर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## आचार संहिता की पालना में सख्ती, राजनीतिक दलों को दिए स्पष्ट निर्देश



### सरकारी संपत्तियों से 24 घंटे, सार्वजनिक से 48 और निजी संपत्तियों से 72 घंटे में हटानी होगी प्रचार सामग्री

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** नगर निकाय आम चुनाव-2026 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर कमल राम मीना ने गुरुवार को मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता और चुनाव संबंधी नियमों की जानकारी देते हुए राजनीतिक दलों से नियमों की सख्ती से पालना करने की अपील की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा भी प्रभावी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दलों का सहयोग जरूरी है। उन्होंने बताया कि सरकारी संपत्तियों से राजनीतिक दलों के बैनर, पोस्टर, होर्डिंग एवं दीवार लेखन 24 घंटे के भीतर हटाना होगा। सार्वजनिक संपत्तियों एवं परिसरों से 48 घंटे तथा निजी संपत्तियों से 72 घंटे के भीतर प्रचार सामग्री हटाना अनिवार्य रहेगा। समय सीमा में सामग्री नहीं हटाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्पष्ट किया गया कि चुनाव प्रचार के लिए मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर सहित धार्मिक स्थलों तथा अस्पतालों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। जाति, धर्म, भाषा या समुदाय के आधार पर तनाव पैदा करने वाले प्रचार पर भी रोक रहेगी। मतदाताओं को डराने-धमकाने या रिश्वत अथवा प्रलोभन देकर वोट हासिल करने का प्रयास कानूनी अपराध माना जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निजी संपत्ति के स्वामी की अनुमति के बिना दीवार लेखन या पोस्टर लगाना भी प्रतिबंधित है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आचार संहिता की अक्षरशः पालना करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया।

## टीला का खेड़ा में खेत में निकला 9 फीट लंबा अजगर, महिलाओं में हड़कंप

### वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने सुरक्षित पकड़ा - ग्रामीणों को दिया संरक्षण का संदेश

स्मार्ट हलचल

**गरला:-** गुरला के पास टीला का खेड़ा में आज एक रोमांचक घटना हुई। किसान भेरूजी गर्जर के खेत में चारा काटते समय 9 फीट लंबा विशाल अजगर निकल आया। अचानक अजगर देखकर खेत में काम कर रही महिलाओं में अफरा-तफरी मच गई।किसान भेरू गुर्जर ने बिना देर किए तुरंत वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग हरकत में आया। वनपाल चंद्रपाल सिंह राणावत के निर्देश पर रेस्क्यू टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम में वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर तथा नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक व वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बेरवा शामिल थे।

**चारे में छिपा था अजगर**

मौके पर पहुंचकर देखा तो अजगर खेत के अंदर चारे में छिपा हुआ था। महिलाओं ने चारा काटते समय उसे देखा था। वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बैरवा तथा वनरक्षक दिनेश कुमार रेगर ने बड़ी सावधानी और सूझबूझ से अजगर का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया।इस सफल रेस्क्यू में नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक नारायण लाल बैरवा और ग्रामीणों के सहयोग से अहम भूमिका निभाई। वन विभाग की तत्परता से ग्रामीणों का डर भी



खत्म हुआ। ग्रामीणों को किया जागरूक रेस्क्यू के बाद वन्य जीव रक्षक नारायण लाल बैरवा ने मौके पर जमा हुए ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूक किया। बैरवा ने ग्रामीणों से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव, अजगर या जंगली जानवर दिखने पर तुरंत वन विभाग को सूचना दें खुद मारने या पकड़ने की कोशिश न करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि वन्यजीव हमारे पर्यावरण का अभिन्न अंग हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनका संरक्षण करना हम सभी का नैतिक दायित्व है।भारतीय रॉक पाइथन की विशेषता नागरिक सुरक्षा विभाग के स्वयंसेवक नारायण लाल बैरवा ने बताया कि यह भारतीय रॉक पाइथन प्रजाति का अजगर है, जो विशाल और विषहीन होता है। लंबाई इस प्रजाति की लंबाई 20 फीट तक हो सकती है स्वभाव काफी शक्तिशाली पर विषहीनसुरक्षा यह प्रजाति भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 की अनुसूची-1 के तहत पूरी तरह संरक्षित हैरेस्क्यू किए गए अजगर को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया गया।

### खून से लिखा पत्र, 'मेडम हमारी सेवाएं बहाल करो'

## मेडिकल कॉलेज में तीसरे दिन भी धरने पर डटे नर्सिंगकर्मी, लिखित आदेश तक आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज में भर्ती आदेश निरस्त किए जाने के विरोध में नर्सिंगकर्मियों का आंदोलन तीसरे दिन भी जारी रहा। गुरुवार को आक्रोशित नर्सिंगकर्मियों ने कॉलेज की प्राचार्य के नाम अपने ही खून से पत्र लिखकर सेवा बहाली की गुहार लगाई। आंदोलनकारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि जब तक सेवा बहाली का लिखित आदेश जारी नहीं होता, उनका धरना जारी रहेगा। दरअसल, मेडिकल कॉलेज में सरकार की ओर से 144 नए पद स्वीकृत किए जाने के बाद पूर्व में कार्यरत प्लेसमेंट एजेंसी के 48 संविदा कर्मियों को हटा दिया गया था। बाद में 109 अभ्यर्थियों के उपस्थित होने के बाद शेष रिक्त पदों पर पूर्व में हटाए गए 48 कार्मिकों में से आवश्यकतानुसार प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया। स्थानीय विधायक और कॉलेज प्राचार्य के स्तर पर 35 पात्र संविदाकर्मियों की सूची तैयार कर प्लेसमेंट एजेंसी को सौंपी गई तथा 30 पदों पर नियुक्ति के निर्देश दिए गए। आरोप है कि ठेकेदार ने 30 में से



केवल 17 पुराने कार्मिकों को नियुक्त किया, जबकि 13 पदों पर नए युवाओं को शामिल कर लिया। इसके बाद विधायक के हस्तक्षेप से कॉलेज प्रशासन ने भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी मानते हुए जॉइनिंग से ठीक पहले 14 अगस्त को भर्ती आदेश निरस्त कर दिया। आदेश निरस्त होने के बाद से नर्सिंगकर्मी कॉलेज परिसर में खुले आसमान के नीचे धरने पर बैठे हैं। आंदोलनकारियों का कहना है कि वे रातभर कॉलेज गेट पर गुजार रहे हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। पिछले दो माह से रोजगार नहीं होने के कारण उनके परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। इधर, प्लेसमेंट एजेंसी मेसर्स मेवाड़ सिक्योरिटी सर्विसेज, उदयपुर के ठेकेदार हिमांशुल माथुर का तर्क है कि नए युवाओं को अवसर इसलिए दिया गया, क्योंकि पुराने कर्मचारियों को बोनस अंक मिल चुके हैं। गुरुवार को खून से पत्र लिखकर नर्सिंगकर्मियों ने प्रशासन के सामने अपना विरोध दर्ज कराया। आंदोलनकारियों ने दो-टूक कहा कि सेवा बहाली का लिखित आदेश मिलने तक धरना समाप्त नहीं किया जाएगा। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और उग्र करने की चेतावनी भी दी गई है।

### सायरन बजता रहा, सिस्टम सोता रहा!

## 20 मिनट तक एंबुलेंस में तड़पता रहा घायल, जिला अस्पताल के गेट पर नहीं मिला कोई सुध लेने वाला

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** कहने को तो महात्मा गांधी जिला अस्पताल जिले का सबसे बड़ा सरकारी अस्पताल है। यहां रोजाना हजारों मरीज इलाज की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, लेकिन अस्पताल की व्यवस्थाओं की हकीकत कई बार इसके बिल्कुल विपरीत नजर आती है। रामधाम चौराहे पर हादसे में घायल एक मरीज को लेकर पहुंची 108 एंबुलेंस करीब 20 मिनट तक अस्पताल के गेट के बाहर खड़ी रही। एंबुलेंस का सायरन लगातार बजता रहा, लेकिन घायल को लेने के लिए अस्पताल से कोई वार्ड बॉय या वार्ड लेडी नहीं पहुंची। 108 एंबुलेंस के पायलट प्रभु प्रजापत ने बताया कि गुरवार को रामधाम चौराहे पर एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही 108 मौके पर पहुंची। वहां घायल के साथ कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। इसके बाद घायल को लेकर एंबुलेंस महात्मा गांधी जिला अस्पताल पहुंची। करीब 1 बजे



मरीज को अस्पताल के गेट पर लेकर पहुंचे, लेकिन 1:20 बजे तक भी कोई मरीज की सुध लेने कोई नहीं आया। प्रजापत ने बताया कि इस दौरान एंबुलेंस का सायरन लगातार बजता रहा। इसके बावजूद अस्पताल की ओर से मरीज को लेने के लिए कोई कर्मचारी नहीं आया। वार्ड बॉय और वार्ड लेडी से मरीज को अंदर ले जाने के लिए कहा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि अस्पताल में इमरजेंसी मुख्य द्वार पर केवल दो ही स्ट्रेचर हैं और दोनों ही उपलब्ध नहीं हैं।

**20 मिनट तक बजता रहा सायरन, फिर भी नहीं खुली जिम्मेदारों की आंख**

प्रत्यक्षदर्शी मोहन सिंह ने बताया कि 108 एंबुलेंस अस्पताल के गेट के बाहर आकर खड़ी हुई थी और उसका सायरन लगातार बज रहा था। करीब 20 मिनट तक एंबुलेंस खड़ी रही, लेकिन मरीज को लेने के लिए अस्पताल से न कोई वार्ड बॉय आया और न ही वार्ड लेडी। अन्य प्रत्यक्षदर्शी कैलाश बेरवा ने बताया कि एंबुलेंस का सायरन काफी देर से सुनाई दे रहा था। आवाज सुनकर हम लोग भी अस्पताल से बाहर आए। मरीज



करीब 20 मिनट तक एंबुलेंस में तड़पता रहा, लेकिन उसे लेने के लिए अस्पताल से कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा।

**गंभीर मरीज होता तो कौन लेता जिम्मेदारी?**

यह घटना जिला अस्पताल की आपातकालीन व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करती है। सड़क हादसे में घायल मरीज को अस्पताल पहुंचने के बाद भी यदि उसे समय पर अंदर ले जाने के लिए स्ट्रेचर और कर्मचारी नहीं मिलें तो गंभीर मरीजों की सुरक्षा का क्या होगा? अगर घायल की हालत गंभीर होती और उसे तत्काल उपचार की जरूरत होती, तो 20 मिनट की यह देरी उसकी जान पर भारी पड़ सकती थी। सवाल यह भी है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में आपातकालीन मरीजों के लिए पर्याप्त स्ट्रेचर और तत्काल सहायता की व्यवस्था क्यों नहीं है?

**आमजन का कहना** है कि अस्पताल में रोजाना हजारों मरीज इलाज के लिए आते हैं। ऐसे में केवल डॉक्टर और दवाइयां ही पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल के अंदर पहुंचाने जैसी बुनियादी व्यवस्था भी मजबूत होनी चाहिए।

## स्कूलों में मीडिया कवरेज पर पाबंदी के विरोध में आईएफडब्लूजे पत्रकार संघ ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन,

**शिक्षा विभाग का फोटोग्राफी-वीडियोग्राफी प्रतिबंधित आदेश तत्काल निरस्त करने की मांग**

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** राजस्थान सरकार में शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालय परिसरों में बाहरी व्यक्तियों द्वारा फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी पर लगाए गए प्रतिबंध के विरोध में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (IFWJ) जिला टोंक की ओर से गुरूवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला कलक्टर टीना डाबी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने आदेश को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की। आईएफडब्ल्यूजे जिला टोंक के जिलाध्यक्ष प्रेम रघुवंशी के नेतृत्व में पत्रकारों ने जिला कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों में बाहरी व्यक्तियों के क्लास रूम अथवा विद्यालय भवन परिसर की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी करने पर प्रतिबंध लगाया गया है तथा इसके लिए संस्था प्रधान की अनुमति को अनिवार्य किया गया है।पत्रकारों ने कहा कि इस प्रकार की पाबंदी को प्रेस की स्वतंत्रता, जनहित में पत्रकारिता और जनता के सूचना के अधिकार की दृष्टि से गंभीर एवं चिंताजनक माना जा रहा है।



पत्रकारों का कार्य केवल समाचार प्रकाशित करना नहीं, बल्कि शासन-प्रशासन और आमजन के बीच लोकतांत्रिक सेतु के रूप में कार्य करना भी है।ज्ञापन में कहा गया कि विद्यालयों में व्यवस्थाओं, विद्यार्थियों की समस्याओं, शिक्षण व्यवस्था एवं सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंधित वास्तविक स्थिति को सामने लाने में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में मीडिया कवरेज को अनुमति आधारित बनाने से स्वतंत्र पत्रकारिता प्रभावित होने की आशंका है। आईएफडब्ल्यूजे पत्रकार संघ ने मुख्यमंत्री से शिक्षा विभाग के उक्त आदेश पर तत्काल पुनर्विचार कर इसे निरस्त करने तथा पत्रकारों को जनहित से जुड़े विद्यालय संबंधी समाचारों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कवरेज का अधिकार सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी, विनोद शर्मा, जलालुद्दीन खान, राहुल राजवंशी, भूपेंद्र सिंह सोलंकी, नासिर खान, रोहित वर्मा, वजाहत अख्तर, समीर खान, कमलेश महावर, मो. असलम खान, महावीर बैरवा, मोईन हिना, दौलत पारीक, केशव राज सेन, सुरेन्द्र गुप्ता एवं हासिम खान सहित कई पत्रकार मौजूद रहे।

## क्रोध को स्वभाव मान बैठे तो बदलाव रुक जाता है

# संकल्प जागे तो जीवन की दिशा बदल जाती है : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी...

## 30 उपवास पूर्ण कर साध्वी सोम्याश्रीजी ने तप आराधना में रचा नया अध्याय, शुक्रवार को शांतिभवन में श्रीसंघ करेगा अभिनंदन...

स्मार्ट हलचल





**पुनित चपलोत भीलवाड़ा** रास्ते वही होते हैं, लेकिन चलने वाले बदल जाते हैं। कभी रास्ता गलत नहीं होता, हमारी दिशा गलत होती है। कभी परिस्थिति दोषी नहीं होती, हमारा दृष्टिकोण हमें उलझा देता है। और कई बार सामने वाला नहीं, हमारा अपना क्रोध हमें हराता है। इसलिए जीवन को बदलने के लिए बाहर की परिस्थितियों से लड़ने से पहले भीतर के मन को जीतना जरूरी है। जहां मन ने ठान लिया कि अब मुझे बदलना है, वहीं से परिवर्तन की शुरुआत होती है। श्रमणसंघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी ने शांतिभवन में चातुर्मासार्थ आयोजित धर्मसभा में श्रावक-श्राविकाओं को संबोधित करते हुए यह बात कही। यात्रा में साथी मिल जाए तो रास्ता आसान हो जाता है, लेकिन साथी की सोच नकारात्मक हो तो वही रास्ता बोझ बन जाता है। श्रेणिक चरित्र के प्रसंग से युवाचार्यश्री ने संगति की इसी ताकत को सामने रखा। उन्होंने कहा कि मनुष्य अकेला नहीं बदलता, उसके साथ चलने वाली संगति, वातावरण और विचार भी उसे धीरे-धीरे गढ़ते हैं। इसलिए जीवन में यह देखना जरूरी है कि हम किसके साथ चल रहे हैं और उसकी दिशा हमें कहां ले जा रही है। महासती अमृतकंवरजी के पुण्य स्मृति दिवस का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी पुण्य आत्माओं का स्मरण केवल श्रद्धा प्रकट करने के लिए नहीं, बल्कि उनके जीवन से अपने जीवन की दिशा देखने के लिए होना चाहिए। गुरु का काम केवल रास्ता बताना नहीं, गलत रास्ते से बचाना भी है। जीवन में सही दिशा का महत्व तभी समझ आता है, जब व्यक्ति यह पहचान सके कि उसे किस ओर नहीं जाना है। संयम की व्याख्या करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि संयम का अर्थ है सम्यक नियंत्रण। अपनी इच्छा से, मन लगाकर स्वयं पर नियंत्रण करना ही संयम है। पचक्खाण इसी नियंत्रण को संकल्प में बदलता है। संकल्प अनेक विकल्पों को छोड़कर मन को एक दिशा देता है। इसलिए संयम बाहर से थोपा हुआ अनुशासन नहीं, भीतर से लिया गया निर्णय है। क्रोध के प्रसंग में उन्होंने कहा कि सामने वाले की भूल देखने से पहले अपनी भूल देखना सीखिए। एक व्यक्ति रास्ते में ठोकर खाकर स्वयं पर नाराज हुआ और आगे केले के छिलके से फिसला तो दूसरे को दोष देने लगा। दोनों जगह चूक उसकी अपनी थी, लेकिन दूसरी बार दोष किसी और पर डाल दिया। अपनी भूल पर सफाई और दूसरे की भूल पर क्रोध यहीं से मनुष्य स्वयं को देखने की दृष्टि खो देता है। उन्होंने कहा कि क्रोध को स्वभाव मान लेना सबसे बड़ी भूल है। क्रोध स्वभाव नहीं,संस्कारों और आदतों से बना हुआ संयोग है। जो संयोग से बना है, वह पुरुषार्थ से बदला भी जा सकता है। व्यक्ति जब यह मान लेता है कि मेरा स्वभाव ही ऐसा है, तब वह अपने परिवर्तन का रास्ता स्वयं बंद कर देता है। युवाचार्यश्री ने कहा कि क्रोध कुछ समय के लिए व्यक्ति को शक्तिशाली होने का भ्रम देता है, लेकिन धीरे-धीरे उसकी अपनी कीमत कम करता जाता है। परिवार में भी यही होता है। जब तक व्यक्ति की बात को लोग सम्मान से सुनते हैं, तब तक उसका क्रोध शायद सह लिया जाता है, लेकिन निरंतर क्रोध संबंधों में सम्मान को भीतर से खोखला कर देता है। इसलिए क्रोध आने पर परिस्थिति को दोष देने के बजाय अपने मन को देखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि क्रोध मूर्खता से शुरू होकर पश्चात्ताप पर समाप्त होता है। क्रोध के बाद व्यक्ति अक्सर मानता है कि ऐसा नहीं करना चाहिए था, लेकिन थोड़ी देर बाद वही मन अपने क्रोध का समर्थन करने लगता है परिस्थिति ही ऐसी थी, सामने वाले ने मजबूर किया, डांटना जरूरी था। उन्होंने कहा कि कारण सही हो सकता है, लेकिन गलत प्रतिक्रिया को सही नहीं ठहराया जा सकता। परिवर्तन की शुरुआत उस क्षण होती है, जब व्यक्ति अपनी प्रतिक्रिया को गलत स्वीकार करता है। मन की आंतरिक प्रवृत्तियों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बाहर से व्यक्ति कितना भी व्यवस्थित दिखाई दे, भीतर वर्षों से जमा संस्कार अवसर मिलते ही सामने आ जाते हैं। इसलिए स्वयं को बदलने की शुरुआत बाहर से नहीं, मन से करनी होगी। व्यक्ति जब अकेले में अपने व्यवहार को देखता है, अपनी प्रतिक्रिया को पहचानता है और अपनी भूल स्वीकार करता है, तभी वास्तविक परिवर्तन की शुरुआत होती है। मोबाइल, टीवी, रील्स और धारावाहिकों के बढ़ते प्रभाव पर उन्होंने कहा कि जिसे हम मन को शांत करने का साधन समझते हैं, वह कई बार भीतर की बेचैनी को और बढ़ा देता है। दूसरों के दिखावटी जीवन को बार-बार देखने से तुलना पैदा होती है और तुलना से असंतोष। किसी के घर, कपड़े, आभूषण या जीवनशैली को देखकर अपने जीवन को छोटा समझना मन में नकारात्मकता भरता है। उन्होंने कहा कि जो दिखाई देता है, जरूरी नहीं कि वही पूरा सत्य हो। इसी संदर्भ में उन्होंने दिखावे की दुनिया को समझाते हुए जादूगर का उदाहरण दिया। जादूगर जो दिखाता है, वह आंखों को दिखाई देता है, लेकिन वास्तव में वैसा होता नहीं। आज की दृश्य दुनिया भी कई बार ऐसी ही है। स्क्रीन पर दिखाई देने वाला जीवन पूरा जीवन नहीं होता। उसके पीछे की वास्तविकता जाने बिना उससे अपनी तुलना करना स्वयं के मन के साथ अन्याय है। परिवारों में बढ़ती नकारात्मक बातचीत पर उन्होंने कहा कि कई बार व्यक्ति समाधान देने वाले के पास जाने के बजाय ऐसे व्यक्ति को फोन करता है, जो उसके क्रोध को और बढ़ा दे। यदि किसी रिश्ते में समस्या है तो संवाद ऐसा होना चाहिए जो आग में घी न डाले, बल्कि मन को शांत करे और अपनी भूल देखने की दृष्टि दे। पीड़ा को समझना जरूरी है, लेकिन गलत प्रतिक्रिया को स्वीकार कर लेना उससे भी बड़ी भूल है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि परिवर्तन किसी दूसरे के हाथ में नहीं है। गुरु मार्ग दिखा सकते हैं, संकेत कर सकते हैं और प्रेरणा दे सकते हैं, लेकिन भीतर का निर्णय स्वयं को ही करना होगा। कोई दूसरा व्यक्ति हमें उतना नहीं बदल सकता, जितना हमारा अपना संकल्प बदल सकता है। पांडवों और भगवान कृष्ण के प्रसंग से संकल्प की शक्ति समझाते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि सामर्थ्य होने के बावजूद पांडव अपने लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सके, जबकि कृष्ण ने उसी परिस्थिति में विजय प्राप्त की। अंतर शक्ति का नहीं, संकल्प की दृढ़ता का था। संकल्प कमजोर हो तो सामर्थ्य भी बिखर जाता है और संकल्प दृढ़ हो तो रास्ते बनने लगते हैं। उन्होंने कहा कि वस्तुओं को पाने के लिए हमने जीवन में अनगिनत संकल्प किए हैं। अब एक संकल्प स्वयं को बदलने का भी होना चाहिए क्रोध कम करने का, नकारात्मकता छोड़ने का, अपनी भूल स्वीकार करने का और बाहरी आकर्षणों से स्वयं को बचाने का। बदलाव किसी दूसरे के समझाने से पूरा नहीं होता; शुरुआत उस क्षण होती है, जब व्यक्ति स्वयं से कहता है अब मुझे बदलना है। साध्वी संबोधीजी ने महासती अमृतकंवरजी म.के पुण्य स्मृति दिवस पर उनके जीवन, साधना और जैन शासन में योगदान का स्मरण करते हुए गुणानुवाद किया। इस अवसर पर निरंतर चल रही तप आराधना के क्रम में अनेक तपस्वी भाई-बहनों ने युवाचार्यश्री से 2, 3, 4 व 5 उपवास तथा आयंबिल के प्रत्याख्यान ग्रहण किए। वहीं 8 उपवास पूर्ण करने वाली तपस्वी बहन सीमा चपलोत का शांति जैन महिला मंडल की पदाधिकारियों ने शॉल, माला एवं अभिनंदन-पत्र भेंट कर बहुमान किया तथा उनकी तपस्या की अनुमोदना की। शांतिभवन आनंद अनुभूति वर्षावास के संयोजक कंवरलाल सूरिया एवं संरक्षक नवरतनमल बंब ने बताया कि शुक्रवार को युवाचार्यश्री के सानिध्य में तपस्वी साध्वी सोम्याश्रीजी म.सा. के 30 उपवास पूर्ण होने के अवसर पर श्रीसंघ की ओर से उनका अभिनंदन किया जाएगा तथा वर्षावास में निरंतर चल रही तप आराधना के क्रम में उनकी दीर्घ तपस्या की सामूहिक अनुमोदना की जाएगी।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की रीको एरिया में सघन कार्रवाई,

### खराब तेल व दूषित खाद्य सामग्री मौके पर करवाई नष्ट

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा,** जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावटखोरी एवं अस्वच्छ खाद्य सामग्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत गुरुवार को भीलवाड़ा शहर में सघन कार्रवाई की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि विभागीय टीम ने मैसर्स निकिता फूड प्रोडक्ट्स, रीको एरिया, भीलवाड़ा से नमकीन का नमूना लिया तथा मौके पर लगभग 50 लीटर खराब तेल जनहित में नष्ट करवाया। इसी प्रकार मैसर्स सुखवाल बेकरी, रीको एरिया से बिस्किट का नमूना लिया गया तथा लगभग 20 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री मौके पर ही नष्ट करवाई गई। इसके अतिरिक्त मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भण्डार, मीरा सर्किल, भीलवाड़ा से पेड़े का नमूना लिया गया। सभी लिए गए खाद्य नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव, साक्षी जैन व एफएसओ नीरज मीणा मौजूद रहे। सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा जनस्वास्थ्य के हित में जांच एवं कार्रवाई का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# मल्हार की सुरलहरियों से गूंजा ब्यावर, पं. दीपक क्षीरसागर ने बांधा समां

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय, ब्यावर के संगीत विभाग की ओर से भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा और युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'शास्त्रीय संगीत सभा एवं संवाद श्रृंखला' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ख्यातनाम कलाकार पं. दीपक क्षीरसागर (वडोदरा), अनूपराज पुरोहित (जोधपुर) एवं कपिल वैष्णव (जोधपुर) ने शानदार प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। पं. दीपक क्षीरसागर ने राग गौड़ मल्हार सहित विभिन्न रागों की घरानेदार प्रस्तुति से शास्त्रीय संगीत की बारीकियों का परिचय कराया। ग्वालियर घराना परंपरा से जुड़े पं. क्षीरसागर आकाशवाणी एवं दूरदर्शन के टॉप ग्रेड कलाकार हैं तथा शास्त्रीय गायन के साथ स्लाइड गिटार में भी विशिष्ट पहचान रखते हैं। युवा शास्त्रीय गायक एवं हारमोनियम वादक अनूपराज पुरोहित ने गायन और हारमोनियम वादन के माध्यम से राग-संगीत के भाव-सौंदर्य को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं कपिल वैष्णव ने तबला वादन में लयकारी और ताल की सूक्ष्मताओं से श्रोताओं को प्रभावित किया। स्वर, लय और ताल के संगम ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

**विद्यार्थियों ने कलाकारों से पूछे सवाल**

कार्यक्रम में विद्यार्थी संवाद सत्र भी आयोजित हुआ। विद्यार्थियों ने कलाकारों से रियाज, राग-विस्तार, मंचीय प्रस्तुति, घराना परंपरा, दैनिक अनुशासन और शास्त्रीय संगीत में भविष्य की संभावनाओं को लेकर सवाल किए। कलाकारों ने विद्यार्थियों को निरंतर रियाज, श्रवण, अध्ययन और मंचीय अनुभव को संगीत-साधना का आवश्यक अंग बताते हुए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजकीय कन्या महाविद्यालय, नाथद्वारा के संगीत विभाग के शिक्षक एवं विद्यार्थियों के दल ने भी सहभागिता की। प्राचार्या प्रो. रेखा मंडोवरा के मार्गदर्शन में पहुंचे दल का स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि संगीत संस्कार, अनुशासन, संवेदनशीलता और सांस्कृतिक चेतना के निर्माण का प्रभावी माध्यम है। संगीत विभागाध्यक्ष डॉ. दुष्यन्त त्रिपाठी ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को कक्षा से मंच और ज्ञान से अनुभव तक की यात्रा का अवसर प्रदान करते हैं। भविष्य में संयुक्त संगीत सभाओं, कार्यशालाओं, व्याख्यान-प्रदर्शनों एवं शोधपरक गतिविधियों को विस्तार देने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम में अजमेर, पाली एवं स्थानीय वर्धमान कॉलेज के विद्यार्थियों ने भी सहभागिता की। आयोजन के सफल संचालन में संगीत विभाग के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार का सहयोग रहा। कार्यक्रम संयोजक सुनील कुमार एवं निश्चय कच्छावा ने अतिथि कलाकारों एवं सभी सहभागियों का आभार व्यक्त किया। कविता भाटी ने संचालन किया।

### भीलवाड़ा नगर निगम के नए आयुक्त कमल सिंह यादव ने संभाला पदभार,

# आते ही एक्शन मोड में अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी और गुणवत्ता पर जोर; संपर्क पोर्टल की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** राजस्थान प्रशासनिक सेवा (इरस) के वरिष्ठ अधिकारी कमल सिंह यादव ने भीलवाड़ा नगर निगम के नए आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालते ही आयुक्त यादव ने निगम की कार्यप्रणाली को गति देने के संकेत देते हुए अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन से जुड़े कार्यों में किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और विकास कार्यों को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करना प्राथमिकता रहेगी।

**योजनाओं और विकास कार्यों की ली जानकारी**

समीक्षा बैठक में आयुक्त यादव ने निगम के विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं, निर्माण एवं विकास कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से लंबित कार्यों की स्थिति, कार्यों में आ रही बाधाओं और उनके समयबद्ध निस्तारण को लेकर चर्चा की। यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए, ताकि कार्यों की गति के साथ गुणवत्ता से भी कोई समझौता न हो।

**जनता की शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता**

आयुक्त ने राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को इनके त्वरित एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निगम का मूल उद्देश्य आमजन को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसलिए शिकायतों को केवल औपचारिक रूप से निस्तारित करने के बजाय समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए।

**निगम कार्यालय का किया औचक निरीक्षण:-**

समीक्षा बैठक के बाद आयुक्त कमल सिंह यादव ने नगर निगम कार्यालय के विभिन्न विभागों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, कार्यालय व्यवस्था और आमजन से जुड़े कामकाज की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यालयीन कार्यों को अधिक व्यवस्थित एवं जनसुलभ बनाने पर जोर दिया।

**पहले दिन से साफ किया एजेंडा:-**

आयुक्त यादव के पदभार ग्रहण करने के साथ ही निगम प्रशासन में सक्रियता नजर आई। समीक्षा बैठक से लेकर विभागों के निरीक्षण तक उन्होंने गति, गुणवत्ता और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान को प्राथमिकता में रखा। उनके शुरुआती निर्देशों से साफ है कि निगम के विकास कार्यों और नागरिक सेवाओं की निगरानी को लेकर प्रशासन सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है।

## लाड़पुरा में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के तहत महिला कृषक प्रशिक्षण आयोजित

### उड़द में यलो मोजेक रोग की पहचान, बचाव एवं नियंत्रण की दी जानकारी; दलहन उत्पादन बढ़ाने और फूलों की खेती पर भी चर्चा

स्मार्ट हलचल



**लाड़पुरा।** दलहन आत्मनिर्भरता मिशन योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत लाड़पुरा में महिला कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में महिला किसानों को दलहन फसलों की उन्नत खेती, रोग नियंत्रण तथा उत्पादन बढ़ाने के विभिन्न उपायों की जानकारी दी गई। सेवानिवृत्त कृषि पर्यवेक्षक मुनीर मोहम्मद ने उड़द की फसल में होने वाले यलो मोजेक रोग के लक्षण, बचाव एवं नियंत्रण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने किसानों को फसल में रोग के शुरुआती लक्षणों की पहचान कर समय पर आवश्यक प्रबंधन करने के लिए जागरूक किया। स्थानीय वरिष्ठ कृषि पर्यवेक्षक रामेश्वर लाल गुर्जर ने दलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए अपनाई जाने वाली कृषि तकनीकों और बेहतर उत्पादन के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि पद्धतियों को अपनाने तथा उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने पर जोर दिया। प्रगतिशील किसान चांदमल माली ने महिला किसानों को फूलों की खेती के बारे में जानकारी दी। उन्होंने फूलों की खेती की संभावनाओं, फसल प्रबंधन एवं इससे होने वाली आय के संबंध में अपने अनुभव साझा किए। प्रशिक्षण के दौरान महिला किसानों ने कृषि से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की और विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

## 141 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान, 6 महिलाओं ने भी बढ़ाया सेवा का हाथ

स्मार्ट हलचल



**गंगापुर।** भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर एवं उगम कंवर डूंगर सिंह सालावत चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोहस्ती वाटिका में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 6 महिलाओं सहित कुल 141 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा आभार पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में रक्त का संग्रहण महात्मा गांधी चिकित्सालय एवं अरिहंत हॉस्पिटल ब्लड बैंक, भीलवाड़ा की टीम द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय महासचिव संदीप बल्दी, शाखा संरक्षक सुरेश सिंघवी, शाखा अध्यक्ष चमन लोसर, आयोजक अध्यक्ष कल्याण सिंह सालावत, डॉ. हेमन्द्र सिंह, डॉ. दिग्विजय सिंह, शिविर प्रभारी तुषार अग्रवाल, पवन लोहिया, मुख्य अतिथि सुरेन्द्र सिंह राव एवं कैलाश सिंह ने मां भारती, युग पुरुष स्वामी विवेकानंद, स्व. डूंगर सिंह एवं स्व. उगम कंवर के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया। भारत विकास परिषद शाखा सचिव दिनेश कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि रक्तदान शिविर में शाखा अध्यक्ष चमन लोसर, वित्त सचिव अखिलेश अग्रवाल, शाखा संरक्षक प्रहलाद सोमानी, सुरेश सिंघवी, प्रकल्प प्रभारी भेरू लाल सुराणा, अरविंद चौधरी, कैलाश कोठारी, कमलेश पाठक, लादू लाल जगेटिया, पवन रुइया, चैनसुख जीनगर, कैलाश मेहता, राकेश जागेटिया, मनोज मूंदड़ा, हरिवल्लभ शर्मा सहित महिला सदस्य दया सैनी, दीपिका सोनी एवं विमला तेली मौजूद रहीं। इस दौरान नवरतन सिंह, उदय सिंह, करण सिंह, परीक्षित सिंह, भवानी सिंह सहित गंगापुर के प्रतिष्ठित नागरिक संजय रुइया, जगदीश झंवर, डॉ. शरद नलवाया, लोकेश कोठारी, प्रकाश पिछोलिया एवं अधिवक्ता मदन लाल जीनगर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजकों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्तदान मानव सेवा का सर्वोत्तम माध्यम है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

## अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ बड़लियास पुलिस की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

### सूठेपा गांव में अवैध बजरी परिवहन करते पकड़ा वाहन, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया

स्मार्ट हलचल



**आकोला।** अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ बड़लियास पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है। पुलिस के अनुसार 20 अगस्त 2026 को थाना बड़लियास की टीम ने सूठेपा गांव में अवैध बजरी का परिवहन करते हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त कर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस की ओर से अवैध बजरी परिवहन के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के दौरान थाना बड़लियास से हेड कांस्टेबल सांवलदान, कांस्टेबल पंकज एवं कांस्टेबल दिनेश कुमार शामिल रहे।

## अपराध नियंत्रण और महिला सुरक्षा पर रहेगा फोकस, डीएसपी नरेंद्र पारीक ने संभाला पदभार

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** नवनियुक्त पुलिस उपाधीक्षक नरेंद्र पारीक ने गुरुवार को ब्यावर में पुलिस उपाधीक्षक पद का कार्यभार संभाल लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने पुलिस अधिकारियों से क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराधों की स्थिति एवं पुलिसिंग से संबंधित जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। डीएसपी नरेंद्र पारीक ने कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने साइबर अपराधों की रोकथाम के साथ महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी पुलिसिंग के साथ संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान करने तथा पुलिस और जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए जाएंगे।

# थलखुर्द में विधवा महिला के घर आधी रात घुसे चोर

## बहू से चाकू की नोक पर सोने की रामनामी व टॉप्स लूटे, नकदी लेकर फरार, थानाधिकारी बालकिशन शर्मा की जागरूक पहल से रात में ही पुलिस पहुंची

स्मार्ट हलचल

**काछोला,** पुलिस थाना काछोला क्षेत्र के थलखुर्द गांव में 19-20 अगस्त की दरम्यानी रात करीब 1 से 2 बजे के बीच चोरों ने एक विधवा महिला के घर में घुसकर दुस्साहसिक चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने घर में सो रही महिला की पुत्रवधू को चाकू दिखाकर उसके गले में पहनी करीब 12 ग्राम सोने की रामनामी और कानों के सोने के टॉप्स लूट लिए। इसके बाद दूसरे कमरे से नकदी लेकर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। जानकारी के अनुसार विधवा रूपा देवी गुर्जर के दोनों बेटे घटना के समय घर से बाहर थे। बड़ा बेटा देवकिशन गुर्जर ड्राइविंग का कार्य करता है। घर में रूपा देवी गुर्जर तथा उनकी पुत्रवधू प्रेम देवी गुर्जर अलग अलग कमरों में सो रही थीं। रात करीब 1 से 2 बजे के बीच चोर घर में घुसे और प्रेम देवी गुर्जर के कमरे में पहुंच गए बताया गया कि चोरों ने उनका मुंह बंद कर दिया और चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देते हुए गले में पहनी करीब 12 ग्राम सोने की रामनामी तथा कानों के सोने के टॉप्स उतरवा लिए। इसके बाद चोर रूपा देवी गुर्जर के कमरे में पहुंचे और वहां रखी नकदी लेकर फरार हो गए। घटना के दौरान प्रेम देवी गुर्जर के रोने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण जाग गए और मदद के लिए मौके की ओर दौड़े, लेकिन ग्रामीणों के पहुंचने से पहले ही चोर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। वारदात के बाद पूरे गांव में दहशत और चिंता का माहौल बन गया।



**थानाधिकारी की जागरूक पहल, रात में ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस**

घटना की सूचना करीब रात 3 बजे पुलिस थाना काछोला को दी गई। सूचना मिलते ही थानाधिकारी बालकिशन शर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पुलिस जाब्ते को मौके पर रवाना किया और स्वयं भी करीब 3:30 बजे घटनास्थल पर पहुंच गए। थानाधिकारी बालकिशन शर्मा ने मौके का निरीक्षण किया तथा पीड़ित परिवार से पूरी घटना की जानकारी ली। उन्होंने घटनास्थल से संभावित सुराग जुटाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और आसपास के क्षेत्र में चोरों की तलाश शुरू करवाई। पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से पीड़ित परिवार को भरोसा मिला कि घटना को गंभीरता से लिया जा रहा है और आरोपियों तक पहुंचने के लिए पुलिस तत्काल सक्रिय हो गई है।

**मौके पर ही दर्ज की रिपोर्ट, जांच शुरू**

थानाधिकारी बालकिशन शर्मा ने पीड़ित रूपा देवी गुर्जर एवं प्रेम देवी गुर्जर की रिपोर्ट मौके पर ही प्राप्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई एवं जांच शुरू करवाई। पुलिस द्वारा वारदात के संभावित रास्तों, आसपास के क्षेत्र तथा घटना से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए संभावित सुराग जुटाए जा रहे हैं। साथ ही लूटे गए आभूषण और नकदी की बरामदगी के प्रयास भी किए जा रहे हैं।

**जल्द खुलासे का भरोसा**

थानाधिकारी बालकिशन शर्मा ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि पुलिस मामले को गंभीरता से लेकर जांच कर रही है और वारदात का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। आधी रात को एक घर में घुसकर महिला से चाकू की नोक पर आभूषण लूटने की घटना ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लूटे गए आभूषण एवं नकदी बरामद की जाए तथा गांव एवं आसपास के क्षेत्र में रात्रिकालीन गश्त और सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए।

**त्वरित पुलिस कार्रवाई बनी राहत का संदेश**

घटना की सूचना मिलते ही रात के समय थलखुर्द पहुंचकर पीड़ित परिवार की बात सुनना, घटनास्थल का निरीक्षण करना और तत्काल जांच शुरू करवाना थानाधिकारी बालकिशन शर्मा की जागरूकता एवं तत्परता को दर्शाता है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पुलिस की सक्रियता से इस वारदात का जल्द खुलासा होगा और आरोपियों को कानून के शिकंजे में लाया जाएगा।

# जिला स्तरीय सम्मान से बढ़ा मेघवाल परिवार का गौरव, चिराग मेघवाल का भव्य अभिनंदन

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए चिराग मेघवाल (ट्रेडिया) को जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तरीय सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर संयुक्त ट्रेडिया परिवार में खुशी का माहौल रहा और परिवारजनों ने उनके निवास पर पहुंचकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया। चिराग मेघवाल, जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय भ्रष्टाचार निरोधक एवं मानव अधिकार संस्था, जिला ब्यावर, को मृत्यु भोज उन्मूलन, सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण, वृक्षारोपण, रक्तदान, मानवाधिकार संरक्षण एवं जनसेवा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान के बाद परिवारजनों ने माला पहनाकर एवं साफा बांधकर उनका अभिनंदन किया। मिठाई खिलाकर खुशी जताई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान परिवारजनों ने कहा कि चिराग मेघवाल ने सामाजिक सेवा को अपना दायित्व मानते हुए निरंतर समाजहित में कार्य किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि समाज का भी गौरव बढ़ा है। परिवारजनों ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ जागरूकता फैलाने, जरूरतमंदों की सहायता करने, रक्तदान, वृक्षारोपण और मानवाधिकार संरक्षण जैसे कार्यों में चिराग की सक्रिय भूमिका युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। जिला स्तरीय सम्मान उनकी मेहनत और सेवा भावना का सम्मान है। इस अवसर पर मोहन जी ट्रेडिया, देबी जी ट्रेडिया, लेखराज जी ट्रेडिया, हरदेव जी ट्रेडिया, महेन्द्र जी ट्रेडिया, रतन जी ट्रेडिया, किशन जी ट्रेडिया, मुकेश जी ट्रेडिया, अमरचंद जी, पिंटू ट्रेडिया एवं सूरजमल जी सुवाल सहित परिवारजन उपस्थित रहे। संयुक्त ट्रेडिया परिवार ने चिराग मेघवाल को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल सामाजिक भविष्य की कामना की।




# लावारिस कार में मिला 42.880 किलो डोडा पोस्त, तस्करों की तलाश

## ब्यावर सदर पुलिस व जिला स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई, एक माह में पांचवीं कार्रवाई

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर ।** अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत ब्यावर सदर पुलिस एवं जिला स्पेशल टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 42.880 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया है। पुलिस ने डोडा पोस्त के परिवहन में प्रयुक्त सफेद रंग की केटा कार RJ 39 CA 8091 को भी जब्त किया है। कार लावारिस हालत में मिली, जबकि पुलिस ने अज्ञात तस्करों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार 19 अगस्त को जिला स्पेशल टीम प्रभारी राजदीपेन्द्र सिंह को सूचना मिली कि राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर एचपी पेट्रोल पंप के पास रजवाड़ी रेस्टोरेंट के पीछे कच्चे रास्ते पर एक सफेद रंग की केटा कार लावारिस हालत में खड़ी है। सूचना पर जिला स्पेशल टीम एवं ब्यावर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कार की तलाशी लेने पर पिछली सीट फोल्ड कर डिग्गी एवं सीट के ऊपर काले रंग के तीन कट्टे रखे मिले। कट्टों की जांच करने पर उनमें डोडा पोस्त मिला। तीनों कट्टों का वजन करने पर कुल 42.880 किलोग्राम डोडा पोस्त पाया गया। पुलिस ने अवैध डोडा पोस्त एवं तस्करी में प्रयुक्त कार जब्त कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की है। पुलिस अब कार को मौके पर छोड़कर फरार हुए आरोपियों की पहचान और तलाश में जुटी है। ब्यावर सदर थाना पुलिस की ओर से एक माह में यह लगातार पांचवीं कार्रवाई बताई गई है।



**कार्रवाई में ये रहे शामिल**

कार्रवाई महानिरीक्षक अजमेर रेंज डॉ. रवि सभरवाल एवं जिला पुलिस अधीक्षक ब्यावर रतन सिंह के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया और वृत्ताधिकारी ब्यावर नरेंद्र पारीक के निकटतम सुपरविजन में की गई। टीम में थानाधिकारी पुलिस थाना ब्यावर सदर गजराज सिंह, जिला स्पेशल टीम प्रभारी राजदीपेन्द्र सिंह, सउनि रामजस, सउनि जितेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल भवानी सिंह, हेड कांस्टेबल देशराज (2117), कांस्टेबल सुरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल मांगीलाल (544) तथा कांस्टेबल हरेन्द्र (1444) शामिल रहे।

### राजीव गांधी जयंती पर नगर कांग्रेस कमेटी ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

# कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित, कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को किया नमन

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा** में भारत रत्नएवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा के तत्वावधान में कांग्रेस कार्यालय, बालाजी की छतरी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके विचारों एवं योगदान को याद किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने कहा कि राजीव गांधी ने देश को आधुनिक एवं मजबूत भारत की दिशा में आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने, पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने तथा संचार एवं तकनीकी क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव की नींव रखने का कार्य किया। उनके विचार, दूरदृष्टि और देश के प्रति समर्पण आज भी समाज और युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सेन ने कहा कि राजीव गांधी की जयंती केवल उन्हें याद करने का अवसर नहीं, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलने, देश की एकता-अखंडता को मजबूत करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लेने का दिन है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से राजीव गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष ग्रामीण चिकित्सा प्रकोष्ठ राजस्थान लादू लाल खटीक, पूर्व पार्षद नाथू कोली, पार्षद प्रत्याशी रविदत्त पौंड्रिक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता पप्पू जैन, मुन्ना खान, धनराज जीनगर, नेता सुनील मिश्रा, ओम सिंधी, विक्की खान, प्रेमचंद कहार, चंद्रप्रकाश रैगर, किशन कहार सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं कांग्रेसजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के आदर्शों एवं सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



# शाहपुरा नगर निकाय चुनाव में जिला बहाल करो को लेकर संघर्ष समिति की रहेगी अहम भूमिका

## 22 अगस्त को भाणा गणेशजी मंदिर परिसर में होगी महत्वपूर्ण बैठक, चुनावी रणनीति पर होगा मंथन

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा** को पुनः जिले का दर्जा दिलाने की मांग को लेकर जिला बहाल करो संघर्ष समिति का आंदोलन लगातार जारी है। जिला समाप्त किए जाने के बाद पिछले एक वर्ष सात माह से चल रहे आंदोलन को नगर निकाय चुनाव तक नई राजनीतिक दिशा देने की तैयारी शुरू हो गई है। इसी को लेकर 22 अगस्त 2026, शनिवार को सुबह 11 बजे भाणा गणेशजी मंदिर परिसर में संघर्ष समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष दुर्गालाल राजोरा करेंगे, जबकि संचालन संयोजक रामप्रसाद जाट द्वारा किया जाएगा। बैठक में आगामी नगर निकाय चुनाव में जिला बहाल करो संघर्ष समिति की भूमिका को लेकर व्यापक चर्चा होगी तथा सर्वसम्मति से महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।




**चुनाव लड़ेगी या किसी का समर्थन करेगी समिति?**

बैठक में मुख्य रूप से यह तय किया जाएगा कि क्या संघर्ष समिति नगर निकाय चुनाव में स्वयं चुनावी मैदान में उतरेगी, किन प्रत्याशियों अथवा राजनीतिक दलों का विरोध किया जाएगा और किसका समर्थन किया जाएगा। इसके साथ ही समिति से जुड़े सदस्यों की चुनाव के दौरान क्या भूमिका रहेगी, इस पर भी विस्तार से मंथन किया जाएगा। नगर निकाय चुनाव को लेकर एक विशेष कमेटी के गठन पर भी चर्चा होगी, जो चुनावी परिस्थितियों का आकलन कर समिति की रणनीति को आगे बढ़ाएगी। बैठक में जिला बहाली के मुद्दे को चुनाव के केंद्र में रखने को लेकर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

**सभी समाजों और संस्थाओं के प्रतिनिधियों से शामिल होने का आह्वान**

संघर्ष समिति ने बैठक में सभी समाजों के प्रतिनिधियों, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, समिति सदस्यों तथा आंदोलन में प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले आमजन से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया है। समिति का कहना है कि सरकार द्वारा अब तक शाहपुरा को पुनः जिले का दर्जा नहीं दिए जाने से आमजन में आक्रोश है। संघर्ष समिति जनता से किए गए वादे और शाहपुरा की जिला बहाली की मांग को लेकर अपने आंदोलन को जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

**चुनाव में जिला बहाली का मुद्दा रहेगा प्रमुख**

संघर्ष समिति का स्पष्ट संदेश है कि नगर निकाय चुनाव केवल स्थानीय मुद्दों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि शाहपुरा की जिला बहाली का मुद्दा भी चुनावी चर्चा के केंद्र में रहेगा। 22 अगस्त की बैठक में लिए जाने वाले निर्णय के बाद समिति की चुनावी रणनीति और भूमिका और अधिक स्पष्ट होने की उम्मीद है।

समिति पदाधिकारियों ने सभी वर्गों के लोगों से बैठक शुरू होने से पांच मिनट पूर्व भाणा गणेशजी मंदिर परिसर पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

समिति का नाराः

'शाहपुरा जिले के सम्मान में जिला बहाल करो संघर्ष समिति चुनावी मैदान में '

'याचना नहीं, अब रण होगा–जीवन जय या मरण होगा। '

'इंकलाब जिंदाबाद। '

जिला बहाल करो संघर्ष समिति
अध्यक्ष – दुर्गालाल राजोरा
संयोजक – रामप्रसाद जाट
सह संयोजक – सूर्य प्रकाश ओझा
महासचिव – कमलेश मुण्डेतिया

# मिलावट पर प्रशासन की सख्ती, तीन प्रतिष्ठानों से लिए नमूने, खराब तेल व दूषित खाद्य सामग्री नष्ट

## रीको एरिया और मीरा सर्किल में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, जांच के लिए अजमेर भेजे गए सैंपल

### खाद्य गुणवत्ता और स्वच्छता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाईः सीएमएचओ डॉ. शर्मा

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग ने गुरुवार को शहर में मिलावटखोरी और अस्वच्छ खाद्य सामग्री के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए तीन प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की। इस दौरान खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे गए तथा खराब तेल व दूषित खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि विभागीय टीम ने रीको एरिया स्थित मैसर्स निकिता फूड प्रोडक्ट्स का निरीक्षण कर नमकीन का नमूना लिया। निरीक्षण के दौरान लगभग 50 लीटर खराब तेल मिलने पर उसे जनहित में तत्काल नष्ट करवाया गया। इसी क्रम में रीको एरिया की मैसर्स सुखवाल बेकरी से बिस्किट का नमूना लिया गया तथा करीब 20 किलोग्राम दूषित खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। वहीं मीरा सर्किल स्थित मैसर्स जोधपुर मिष्ठान भण्डार से पेड़े का नमूना लेकर जांच के लिए सुरक्षित किया गया। सीएमएचओ ने बताया कि सभी खाद्य नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, अजमेर भेज दिया गया है। जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक यादव, साक्षी जैन एवं नीरज मीणा शामिल रहे। डॉ. शर्मा ने कहा कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए जांच और कार्रवाई का अभियान लगातार जारी रहेगा।



# मांडलगढ़ वृत स्तरीय 14 वर्षीय खेलकूद प्रतियोगिता आज से

स्मार्ट हलचल

**काछोला** -क्षेत्र के हरपुरा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में 70 वीं मांडलगढ़ वृत स्तरीय खेलकूद,साहित्यिक एवं सांस्कृतिक 14 वर्षीय छात्र प्रतियोगिता 21 अगस्त से 22 अगस्त तक आयोजित की जाएगी।ब्लॉक प्रभारी लादू लाल तेली ने बताया कि प्रतियोगिता में कबड्डी,खो खो,वॉलीबॉल खेल साथ साहित्यिक की निबंध हिंदी व अंग्रेजी, वाद विवाद हिंदी व अंग्रेजी, के साथ सांस्कृतिक की समूह नृत्य,समूह गान,विचित्र वेशभूषा,सुगम संगीत,एकाभिनय प्रतियोगिता आयोजित होगी।

# शंभूपुरा में तृतीय विशाल कावड़ यात्रा 22 को

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा कस्बे में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कावड़ यात्रा धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ निकाली जाएगी। आयोजन समिति के राम प्रसाद जाट ने बताया कि 22 अगस्त को तृतीय विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी जो प्रातः 11 बजे चमत्कारी सांवरिया जी शनिमहाराज मन्दिर शंभूपुरा से प्रारंभ होकर मुख्य चौराहों से भ्रमण करते हुए स्टेशन रोड स्थित बालाजी मंदिर पर महादेवजी का जलाभिषेक एव महाआरती होगी, जिसके बाद श्याम बगीची में महाप्रसादी का आयोजन होगा। समिति के दीपक शर्मा ने बताया कि कावड़ यात्रा में आदिशक्ति मण्डल उज्जैन, महाकाल झांकिया, शाही सवारी, आदियोगी प्रतिमा एव भव्य पुष्पवर्षा मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। आयोजनकर्ता ने कावड़ यात्रा में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का आव्हान किया।

### सेवा सप्ताह में JSG सनशाइन ने की गौसेवा

# गौमाता को हरा चारा व लापसी अर्पित कर लिया सेवा का संकल्प

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** जैन सोशल ग्रुप सनशाइन, ब्यावर की ओर से सेवा सप्ताह के तहत गुरुवार को अजमेर रोड बाईपास स्थित वन्दे गौ मातरम् गौशाला में गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गौमाता को हरा चारा एवं लापसी अर्पित कर सदस्यों ने जीवदया और सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम के लाभार्थी नंदकुमार, हीरेन, शुभम भंडारी एवं परिवार रहे। संस्था अध्यक्ष राहुल ओस्तवाल एवं मंत्री भूपेश भंसाली ने कहा कि सेवा सप्ताह का उद्देश्य समाज में सेवा, जीवदया एवं परोपकार की भावना को बढ़ावा देना है। गौसेवा भारतीय संस्कृति में जीवदया की महत्वपूर्ण परंपरा है और ऐसे सेवा कार्यों से समाज में करुणा व संवेदनशीलता की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में वीरेंद्र बोहरा, पंकज डेडिया, अरुण रूनीवाल, अमित गोधा, अमित कोठारी, विनोद श्रीश्रीमाल, प्रतीक खटोड़, महावीर आबड, राहुल पगारिया सहित संस्था के सदस्य उपस्थित रहे। अंत में गौशाला प्रबंधन एवं सहयोगियों का आभार जताया गया।



### टेंडर के पांच माह बाद भी अधूरा सड़क निर्माण, बारिश में गड्ढों से जूझ रहे ग्रामीण

# गांगलास-खारडा मार्ग की बदहाल हालत से आक्रोश, ग्रामीणों ने लगाया लापरवाही का आरोप; आंदोलन की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** ज़िले का गांगलास क्षेत्र का सबसे व्यस्त गांगलास-खारडा मार्ग इन दिनों बदहाली का शिकार है। सड़क निर्माण का करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपए का टेंडर हुए पांच माह बीत जाने के बावजूद निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। मानसून के दौरान सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे और कीचड़ जमा होने से आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण का कार्य समय पर पूरा नहीं किया गया और निर्माण कार्य को टुकड़ों में कराया जा रहा है। बारिश शुरू होने के बाद सड़क की स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। गड्ढों में पानी भरने से राहगीरों को सड़क की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। दोपहिया वाहन चालक कई बार फिसलकर चोटिल हो चुके हैं।




### 15 साल से बदहाल है मुख्य मार्ग

ग्रामीणों के अनुसार यह मार्ग पिछले करीब 15 वर्षों से बदहाली का सामना कर रहा है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह सड़क गांव के लिए प्रमुख संपर्क मार्ग है, इसके बावजूद लंबे समय से इसकी सुध नहीं ली गई। सड़क की खराब हालत का सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, मरीजों और रोजाना आवागमन करने वाले ग्रामीणों पर पड़ रहा है।

### बारिश से पहले काम पूरा नहीं करने पर सवाल

कांग्रेस ग्राम पंचायत अध्यक्ष मनीष कुमार सुवालका ने कहा कि सड़क निर्माण का कार्य बारिश से पहले पूरा किया जा सकता था। उनका आरोप है कि समय रहते काम पूरा नहीं होने के कारण अब बारिश के मौसम में ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द पूरा कराने की मांग की। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और प्रशासन से मांग की है कि टेंडर की शर्तों के अनुसार पूरे मार्ग का निर्माण एक साथ कराया जाए, निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच हो तथा देरी के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे प्रशासन के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर होंगे। सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर ग्रामीणों में लगातार आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ने वृक्षारोपण कर मनाया सद्भावना दिवस

### राजीव गांधी जयंती पर प्रतिमा पर अर्पित किए श्रद्धासुमन, पार्क में किया पौधारोपण

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की ओर से जिलाध्यक्ष युवराज श्रीमाली के नेतृत्व में भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर सद्भावना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजीव गांधी पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा पार्क परिसर में वृक्षारोपण किया गया। जिलाध्यक्ष युवराज श्रीमाली ने कहा कि राजीव गांधी को पंचायती राज व्यवस्था और सूचना क्रांति को नई दिशा देने वाले नेताओं के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के कार्यकाल में युवाओं की लोकतांत्रिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। 18 वर्ष की आयु में मतदान का अधिकार मिलने से युवाओं की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी बढ़ी। श्रीमाली ने कहा कि राजीव गांधी के नेतृत्व में देश ने सूचना प्रौद्योगिकी और आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में आगे बढ़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए। उन्होंने राजीव गांधी के विचारों को याद करते हुए सद्भावना, सामाजिक एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जिला महासचिव भारत जोशी, खटीक समाज युवा जिलाध्यक्ष पिंटू खटीक, कांग्रेस अजा प्रकोष्ठ मंडल अध्यक्ष हिमांशु सालवी, एडवोकेट सुमित शर्मा, शुभम वैष्णव, आयुष भड़कत्या, विजय त्रिवेदी, पीयूष सालवी, पंकज सुथार, आशीष शर्मा, विनोद सुथार, राहुल खटीक, प्रतीक शाह, जाहिद नागौरी, निखिल पाण्डया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# कनवाड़ा बावड़ी रास्ता बंद, ग्रामीणों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन: तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाकर रास्ता खोलने के दिए निर्देश, मिला आश्वासन

स्मार्ट हलचल



**अ टोंक** दूनी तहसील के ग्राम सांकली में गणेश जी की बावड़ी समिति द्वारा सार्वजनिक रास्ता बंद किए जाने से परेशान ग्रामीणों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का आरोप है कि समिति बार-बार अनुरोध के बावजूद रास्ता नहीं खोल रही थी, जिससे आवागमन में भारी असुविधा हो रही थी। समस्या की गंभीरता को देखते हुए, सांकली के ग्रामीण बड़ी संख्या में दूनी तहसील पहुंचे। उन्होंने तहसीलदार से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि रास्ता बंद होने से उन्हें दैनिक आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर दूनी तहसीलदार अजय कुमार पांडे ने त्वरित कार्रवाई की। उन्होंने कनवाड़ा के सरपंच दीनबंधु नागर से फोन पर बात की और पटवारी को तत्काल रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने समिति द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाकर रास्ता सुचारू रूप से खोलने का आदेश दिया और ग्रामीणों को जल्द समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने अपने ज्ञापन में बताया कि गणेश जी की बावड़ी से सांकली तक एक सार्वजनिक रास्ता था, जिसे गणेश जी बावड़ी समिति ने बंद कर दिया है। समिति ने एक वैकल्पिक रास्ता दिया है, जिस पर एक चबूतरा बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार, इस चबूतरे के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। उन्होंने पुराने रास्ते को ही फिर से चालू करने की मांग की, जिस पर पोल और खंभे लगाए गए थे। ज्ञापन सौंपने और रास्ता खुलवाने की मांग के दौरान संजय मीणा, किसनगोपाल मीणा, राधेश्याम मीणा, हनुमान मीणा, रामदेव मीणा, राकेश प्रधान मीणा, महावीर मीणा, राजेंद्र मीणा, हिमतराज, रामप्रकाश मीणा सहित कई अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# समयपालन में फिर नंबर-1, कोटा मंडल का 'परफेक्ट 100'

### 100% समयपालन के साथ भारतीय रेलवे में प्रथम; अगस्त में तीसरी और वित्तीय वर्ष में 7वीं बार शत-प्रतिशत उपलब्धि

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** कोटा मंडल ने समयपालन के क्षेत्र में एक बार फिर 100 प्रतिशत उपलब्धि हासिल करते हुए 19 अगस्त 2026 को भारतीय रेलवे के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अगस्त माह में यह मंडल की तीसरी और वित्तीय वर्ष 2026-27 में 7वीं बार 100 प्रतिशत समयपालन की उपलब्धि है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में इससे पहले कोटा मंडल ने 04 मई, 05 मई, 27 मई, 29 जून, 08 अगस्त और 13 अगस्त 2026 को मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 100 प्रतिशत समयपालन हासिल किया था। इनमें 04 मई, 08 अगस्त और 13 अगस्त को मंडल भारतीय रेलवे में प्रथम स्थान पर रहा। 19 अगस्त की उपलब्धि के साथ मंडल ने एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि मंडल के प्रत्येक स्तर पर कार्यरत टीम के सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध और विश्वसनीय यात्री सेवा सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। यातायात की अग्रिम योजना, वास्तविक समय में निगरानी और विभिन्न स्तरों पर त्वरित निर्णय लेने से पूरे दिन गाड़ियों का सुचारू संचालन सुनिश्चित हुआ तथा अनावश्यक ठहराव से बचा गया।



# नगर पालिका चुनाव में दिख रहा इस बार युवा शक्ति का प्रभाव

## पूर्व में टिकट चाहने वालों कि जहां लगती थी भीड़ वहां छाया सन्नाटा युवा नेताओं के यहां सुबह-शाम लग रही प्रत्याशियों की भीड़

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी**
भवानी मंडी शहरी क्षेत्र में नगर पालिका चुनाव का विगुल बन चुका है किंतु इस बार पूर्व की भांति जहां सीनियर नेताओं के यहां टिकट चाहने वालों की भीड़ देखी जाती थी इस बार वहां ऐसी भीड़ दिखाई नहीं पड़ रही है सत्ता शक्ति केदो में पीढ़ी परिवर्तन के संकेत दिखाई देने लगे हैं 5 वर्ष पूर्व पालिका चुनाव में जिन प्रतिष्ठानों अथवा नेताओं के यहां पर भीड़ रहा करती थी वहां अब भीड़ नहीं दिखाई देती है वही दोनों ही मुख्य दलों भाजपा तथा कांग्रेस में युवा पीढ़ी के अगुआकर के यहां टिकट चाहने वालों की भीड़ नजर आने लगी है इन चुनाव में सबसे रोचक शक्ति केदो में पीढ़ी परिवर्तन का है भाजपा की बात कर तो वैसे तो भाजपा ने नगर पालिका चुनाव के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेता दिनेश जैन करावल तथा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनिश दीक्षित को संयोजक नियुक्त किया है पहले शहर के कुछ सीनियर नेताओं के यहां टिकट चाहने वालों की लाइन लगी रहती थी किंतु इस बार देखने में आ रहा है कि उन सीनियर नेताओं के यहां सन्नाटा पसरा पड़ा है किंतु नगर के युवा भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप जैन आवर के निवास पर सुबह शाम टिकट चाहने वालों का हुजूम देखा जा सकता है इसी तरह दूसरे राजनीतिक दल कांग्रेस में भी यही स्थिति देखने में आ रही है पूर्व में जिन सीनियर नेताओं के यहां टिकट के चाहने वाले खड़े रहते थे वही भीड़ अब कांग्रेस के युवा नगर अध्यक्ष विनय आसतोलिया तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोड सिंह परमार के यहां देखने को मिलती है हालांकि ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोड सिंह परमार का निवास स्थान पगारिया है विनय ऑस्तो लिया ने भी अपना कार्यालय नगर कांग्रेस कार्यालय को ही बना रखा है टिकट मिलना जीत. हार होना बोर्ड बनना यह सब भविष्य के गर्भ में है लेकिन फिलहाल जो तस्वीर दिखाई पड़ रही है उसे यह लगभग तय है कि आपके पूरे गेम में पुराने चेहरों की तुलना से नए चेहरों की भूमिका अहम होगी टिकट दावेदारों में भी पुराने चेहरे कम नजर आ रहे हैं नए युवा चेहरों की भरमार देखने को मिल रही है

# तीरंदाजी में जोबनेर की खुशी कुमावत ने रचा इतिहास, दक्षिण कोरिया में भारत के नाम किया स्वर्ण

स्मार्ट हलचल

**जोबनेर** कस्बे की युवा तीरंदाज खुशी कुमावत ने दक्षिण कोरिया में आयोजित विश्व तीरंदाजी युवा आमंत्रण प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतकर देश का झंडा लहराया। राष्ट्रीय चयन परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम में जगह बनाने वाली खुशी ने अंडर-21 महिला रिकर्व टीम स्पर्धा में प्रांजल ठोलिया और युक्ताश्री के साथ दमदार प्रदर्शन किया। विशेष बात यह रही कि भारतीय टीम में राजस्थान की दो प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल थीं। रोमांचक फाइनल में भारतीय टीम ने मेजबान कोरिया-ए को उसी की धरती पर 5-3 से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। क्वालीफाइंग दौर में भारतीय टीम ने 1890 अंक हासिल कर तीसरी रैंक प्राप्त की। खुशी ने व्यक्तिगत रूप से 634 अंक जुटाकर नौवीं रैंक हासिल की। ग्रुप चरण में भारत ने कोरिया-बी को भी 5-3 से हराया, जबकि व्यक्तिगत मुकाबले में खुशी ने सिंगापुर की खिलाड़ी को 6-0 से शिकस्त दी। खुशी की इस अंतरराष्ट्रीय सफलता की खबर मिलते ही जोबनेर में खुशी का माहौल बन गया। अपनी इस उपलब्धि का श्रेय खुशी ने अपने पिता, कोच एवं पीटीआई सांवर मल, माता गीता देवी तथा कॉलेज मैदान को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार, प्रशिक्षकों और क्षेत्र से मिले प्रोत्साहन ने उन्हें लगातार बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कोच सांवरमल कुमावत ने कहा कि यह राजस्थान ही नहीं, पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर खुशी ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान बनाई है। खुशी इससे पहले 2023 में एशिया कप, ताइवान में भी भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। खुशी की इस शानदार उपलब्धि पर राजस्थान तीरंदाजी एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह खंगारोत, उपाध्यक्ष गिरधारी लाल सेन, सचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर, हरिराम चौधरी तथा विवेकानंद कॉलेज की डायरेक्टर संतोष कुमावत सहित अनेक लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# सावन उत्सव में सजी संस्कृति की रंगीन छटा, उर्मिला जैन बनीं सावन क्वीन

### रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा का रंगारंग आयोजन

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर,** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा की ओर से उदयपुर के सुरम्य हिलटॉप पैलेस में सावन उत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों एवं अतिथियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन में परंपरा, संस्कृति, सामाजिक जागरूकता, स्वास्थ्य एवं आपसी सौहार्द का सुंदर संगम देखने को मिला। क्लब अध्यक्ष कुकू लेखारी ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का तिलक, पुष्प एवं बांधणी उपरना पहनाकर पारंपरिक रूप से स्वागत किया। कार्यक्रम की चेयरपर्सन रोटेरियन उर्मिला जैन ने कार्यक्रम एवं फेलोशिप की शानदार व्यवस्था की, जबकि रोटेरियन संजू खुराना ने आयोजन स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम में पूर्व महापौर रजनी डांगी, नेहा पालीवाल एवं क्वालिफाइड डायटीशियन रिद्धिमा खमेसरा विशिष्ट अतिथि एवं वक्ता के रूप में मौजूद रहीं। रजनी डांगी ने क्लब द्वारा समाजहित में किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की। नेहा पालीवाल ने अच्छे उद्देश्य के लिए कार्य करने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाली गतिविधियों में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने प्रतिभागियों को स्मृति-चिह्न के रूप में अगरबत्तियां भी भेंट कीं। डायटीशियन रिद्धिमा खमेसरा ने स्वस्थ एवं संतुलित आहार के महत्व पर जानकारी देते हुए दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले उपयोगी डाइट टिप्स साझा किए। सावन उत्सव का प्रमुख आकर्षण सावन क्वीन प्रतियोगिता रही। महिलाओं ने रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में शानदार वॉक प्रस्तुत कर सावन की संस्कृति एवं परंपरा की मनमोहक झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में रोटेरियन उर्मिला जैन ने सावन क्वीन का खिताब जीता। द्वितीय पुरस्कार रतन पामेचा एवं मंजुला गेलड़ा के बीच साझा किया गया, जबकि तृतीय पुरस्कार रोटेरियन शिल्पी गुप्ता ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रीति सोगानी ने किया। सावन उत्सव विशेष हाउजी का आयोजन मीरा मजूमदार ने तथा सावन स्पेशल गेम का आयोजन मंजू सिंघवी ने किया। कार्यक्रम के दौरान इनवोकेशन चार्टर वरिष्ठ सदस्य डॉ. पुष्पा कोठारी, विमला धाकर, रोटेरियन वीणा सनाढ्य, रोटेरियन स्नेहलता सबला, रोटेरियन देविका सिंघवी एवं रोटेरियन रतन पामेचा ने किया। कार्यक्रम में नीलम दुबे, स्वीटी छाबड़ा, वंदना मूथा, कविता बालदावा, मधु राणावत, माहेश्वरी भटनागर, सुषमा, रीनू जैन, अलका कोठारी, कोमल, प्रियंका कोठारी, मान्या बग्गा एवं नैशा सहित क्लब सदस्यों ने अपनी सहभागिता से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। क्लब सेक्रेटरी एडवोकेट स्नेहा के. शर्मा ने सभी अतिथियों, सदस्यों एवं आयोजन से जुड़े सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुए सावन उत्सव ने मित्रता, फेलोशिप, संस्कृति एवं सेवा भावना को और मजबूत किया। रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर मीरा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के माध्यम से रोटरी की सेवा भावना को निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

# मसूदा में पौधारोपण के साथ लिया निष्पक्ष मतदान का संकल्प

### 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान में अधिकारियों, कार्मिकों व विद्यार्थियों ने निभाई सहभागिता

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर/मसूदा।** नगरपालिका चुनाव-2026 की घोषणा के बाद स्वीप गतिविधियों के तहत मसूदा में 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान आयोजित किया गया। अभियान के तहत एसडीएम कार्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के साथ लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती दीपशिखा कालवी के निर्देशन में आयोजित हुआ। इस दौरान रिटर्निंग अधिकारी दीपशिखा कालवी, तहसीलदार नेहा कंवर, अधिशासी अधिकारी अक्षय राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लोकेश नागला, स्वीप प्रभारी हेमलता शर्मा, सीडीपीओ मोहित चौधरी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों एवं चुनाव शाखा के कार्मिकों ने पौधारोपण किया। अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण एवं निष्पक्ष लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सद्भावना दिवस के अवसर पर अधिकारियों एवं कार्मिकों को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन में अपनी जिम्मेदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई। वहीं राजीविका कार्यालय में BPM कैलाश चौधरी ने महिलाओं को निष्पक्ष लोकतंत्र की शपथ दिलाकर आगामी नगरपालिका चुनाव में निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। अभियान के तहत नगरपालिका मुख्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय तथा विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालय परिसरों में भी पौधारोपण और स्वीप गतिविधियां आयोजित की गईं। विद्यार्थियों एवं युवाओं को मतदान के अधिकार और लोकतंत्र के महत्व के साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के माध्यम से 'लोकतंत्र की जड़ें मजबूत करें, एक पेड़ लगाएं और निष्पक्ष मतदान का संकल्प लें' का संदेश दिया गया।



# सुरक्षा परिषद में 'ग्लोबल साउथ' को मिले हक, तभी सुरक्षित होगा भविष्य: भारत




स्मार्ट हलचल

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की कार्यप्रणाली में तत्काल और गहरे सुधारों की मांग करते हुए भारत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक बार फिर पुरजोर आवाज उठाई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की चार्ज डी अफेयर राजदूत योजना पटेल ने यूएनएससी के कामकाज के तरीकों पर आयोजित सालाना खुली बहस में देश का प्रतिनिधित्व करते हुए कहा कि 'ग्लोबल साउथ' को पर्याप्त हक मिलना जरूरी है, तभी सभी का भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने कहा कि 1945 की दुनिया अब पूरी तरह बदल चुकी है और आज की असाधारण सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए इस वैश्विक संस्था को नए सिरे से तैयार करना अब अनिवार्य हो चुका है। न्यूयॉर्क स्थित यूएन में भारत के स्थायी मिशन ने एक बयान में कहा बहस के दौरान राजदूत योजना पटेल ने सुरक्षा परिषद की विश्वसनीयता और उसकी प्रभावशीलता पर उठ रहे गंभीर सवालों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि 1945 की दुनिया इतनी बदल गई है कि उसे पहचाना नहीं जा सकता। तब से यूएन की मेंबरशिप चार गुना बढ़ गई है। 80 साल पहले हुई एक लड़ाई का नतीजा हमेशा के लिए इसकी बनावट, डायनामिक्स, तरीके और काम करने के तरीकों को तय नहीं कर सकता। इसे बदलने की ज़रूरत है और यह जल्द से जल्द होना चाहिए। पटेल ने कहा सिक्योरिटी काउंसिल में सुधारों पर भारत का नज़रिया सभी को पता है। हम दोनों कैटेगरी में बढ़ोतरी चाहते हैं, जिसमें 'ग्लोबल साउथ' के लिए ज़्यादा रिप्रेजेंटेशन हो। यह सिर्फ़ टेक्स्ट-बेस्ड बातचीत के ज़रिए ही हो सकता है, जिसमें साफ़ तौर पर तय माइलस्टोन और टाइमलाइन हों। इसके काम करने के तरीकों में सुधार पर चर्चा अकेले नहीं की जानी चाहिए। यह यूएनएससी सुधारों के बड़े दायरे का एक ज़रूरी पहलू है और यह मेंबरशिप की कैटेगरी, रीजनल रिप्रेजेंटेशन और वीटो जैसे दूसरे क्लस्टर से जुड़ा हुआ है। काउंसिल के किसी भी सुधार में इन सभी क्लस्टर का पूरा ध्यान रखना होगा, ताकि वह बड़ा, असली और मतलब वाला बन सके। भारत ने जोर देकर कहा कि नॉन-परमानेंट मेंबर्स को अपने-अपने दो साल के टर्म के दौरान काम का योगदान देने के काबिल बनाने के लिए, सिक्योरिटी काउंसिल के सभी मेंबर्स को डॉक्यूमेंट्स तक एक्सेस के मामले में एक जैसे खास अधिकार मिलने चाहिए। भारतीय राजनयिक ने सुरक्षा परिषद की प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग करते हुए 'लिस्टिंग' और 'डी-लिस्टिंग' का उदाहरण दिया और कहा कि सुरक्षा परिषद को संकीर्ण राजनीतिक हितों को साधने का मंच नहीं बनना चाहिए।

# चित्तौड़गढ़ में एम्बुलेंस पार्किंग को लेकर विवाद, चालकों ने सौंपा ज्ञापन

## अस्पताल परिसर में पार्किंग व्यवस्था बहाल करने की मांग, समाधान नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़ ।** चित्तौड़गढ़ एम्बुलेंस सेवा समिति के तत्वावधान में प्राइवेट एम्बुलेंस चालकों ने जिला चिकित्सालय में एम्बुलेंस की पार्किंग व्यवस्था को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। एम्बुलेंस चालकों ने चिकित्सालय परिसर में पूर्व निर्धारित पार्किंग व्यवस्था बहाल रखने की मांग की है। समस्या का समाधान नहीं होने पर गुरुवार 20 अगस्त की शाम 6 बजे से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी गई है। ज्ञापन में बताया गया कि चित्तौड़गढ़ की प्राइवेट एम्बुलेंस वर्ष 2015 से रजिस्टर्ड चित्तौड़गढ़ एम्बुलेंस सेवा समिति के अधीन संचालित हैं। एम्बुलेंस चालक सांवलिया अस्पताल में पीड़ित, दुर्घटनाग्रस्त, गंभीर बीमार एवं मृत व्यक्तियों को आवश्यकतानुसार अन्य स्थानों पर ले जाने की सेवाएं उपलब्ध कराते आ रहे हैं। एम्बुलेंस चालकों के अनुसार वे वर्षों से जिला चिकित्सालय परिसर में निर्धारित स्थान पर एम्बुलेंस पार्किंग करते आ रहे हैं तथा राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी को पार्किंग शुल्क के रूप में प्रति एम्बुलेंस प्रतिमाह एक हजार रुपये नियमित रूप से जमा कराते रहे हैं। हाल ही में पीएमओ की ओर से आदेश जारी कर एम्बुलेंस की पार्किंग व्यवस्था चिकित्सालय परिसर से अन्यत्र किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश को लेकर एम्बुलेंस चालकों में नाराजगी है। चालकों का कहना है कि एम्बुलेंस सेवा न्यूनतम शुल्क पर ईमानदारी से संचालित की जा रही है और उनके अनुसार अब तक सेवा को लेकर किसी प्रकार की धोखाधड़ी या चिटिंग की शिकायत सामने नहीं आई है। चालकों ने कहा कि एम्बुलेंस मरीजों एवं दुर्घटना में घायल लोगों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। ऐसे में अस्पताल परिसर से एम्बुलेंस की पार्किंग हटाए जाने से मरीजों एवं उनके परिजनों को भी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एम्बुलेंस चालकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करते हुए पार्किंग व्यवस्था को पूर्ववत किए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो 20 अगस्त की शाम 6 बजे से सभी प्राइवेट एम्बुलेंस चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

# ग्रामवासियों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन, जानलेवा हमले के आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

## रूपपुरा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर हमला करने का आरोप, गंभीर घायल के उपचार का हवाला देकर पुलिस कार्रवाई की मांग

स्मार्ट हलचल



**रूपपुरा, स्मार्ट हलचल।** गंगरार तहसील के माल का खेड़ा क्षेत्र के रूपपुरा गांव में एक व्यक्ति पर कथित जानलेवा हमले के मामले को लेकर ग्रामवासियों ने रोष जताया। ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर हमले में शामिल आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ग्रामवासी रतनलाल शर्मा के अनुसार 11 अगस्त की सुबह गांव निवासी रामेश्वरलाल शर्मा अपने खेत पर था। इसी दौरान एक व्यक्ति कीड़े मारने की दवा लेने के लिए वहां आया। रामेश्वरलाल ने उसे शाम को घर आकर दवा ले जाने की बात कही। आरोप है कि इसके बाद उक्त व्यक्ति ने पुराने विवाद से जुड़े लोगों को इसकी जानकारी दी और रामेश्वरलाल के घर की ओर आने के दौरान उसे रास्ते में बुला लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार सुबह करीब सवा 8 बजे पानी की टंकी के पास पहले से मौजूद आधा दर्जन से अधिक महिला-पुरुषों ने रामेश्वरलाल पर हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावरों ने कुल्हाड़ी, पाइप, सरिए और लाठियों सहित अन्य हथियारों से मारपीट की। हमले में रामेश्वरलाल के दोनों हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं तथा सिर पर भी वार किया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि रामेश्वरलाल का बीच-बचाव करने पहुंची उनकी पुत्रवधू एवं अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें वे भी घायल हुए। परिजनों एवं ग्रामीणों के अनुसार रामेश्वरलाल को गंभीर हालत में उपचार के लिए भीलवाड़ा ले जाया गया, जहां उन्हें आईसीयू में भर्ती रखना पड़ा। इसके बाद ऑक्सीजन लेवल कम होने, रक्त संबंधी समस्या सहित अन्य कारणों से उन्हें अहमदाबाद में उपचार कराना पड़ा। ग्रामीणों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते रामेश्वरलाल को पूर्व में भी जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं। घटना के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि दूसरे पक्ष की ओर से भी क्रॉस एफआईआर दर्ज कराई गई। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस की ओर से कार्रवाई के बावजूद कुछ आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पीड़ित परिवार की ओर से मेडिकल जांच एवं उपचार संबंधी दस्तावेज पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत कर मामले में निष्पक्ष जांच तथा सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे। पुलिस में दर्ज प्रकरण और ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट होगी।

# संगठन सृजन अभियान के तहत इटावा पहुंचे कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण ओझा, 2027 से पहले संगठन मजबूत करने पर जोर

स्मार्ट हलचल

**इटावा।** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं एआईसीसी आब्जर्वर रामकृष्ण ओझा तथा पीसीसी आब्जर्वर प्रकाश प्रधान मदन मोहन शुक्ला बुधवार को इटावा पहुंचे। जिला कांग्रेस कार्यालय पर उनके आगमन पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित पूर्व जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव, सतीश नागर जिला उपाध्यक्ष, अम्बुज त्रिपाठी जिला महामंत्री, और शहर अध्यक्ष राशिद खान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटका एवं माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। राष्ट्रीय सचिव रामकृष्ण ओझा ने कहा कि कांग्रेस स्थानीय स्तर पर संगठन को मजबूत करने के साथ किसानों, बेरोजगारों, युवाओं, महिलाओं तथा महंगाई जैसे जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों को लेकर



संघर्ष करेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को हर जनहित के संघर्ष में साथ देने का भरोसा दिलाया। इसके बाद जिला कांग्रेस कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता में रामकृष्ण ओझा ने संगठन सृजन अभियान के तहत उत्तर प्रदेश में जिला कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों के चुनाव और संगठनात्मक प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रदेश के सभी जनपदों में संगठन को नए सिरे से मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि उनकी टीम का इटावा में तीन से चार दिनों का प्रवास रहेगा। इसके बाद पुनः पांच दिवसीय प्रवास किया जाएगा। इस दौरान शहर, विकासखंड और बूथ स्तर तक के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन की जमीनी स्थिति को समझने और उसे मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए रामकृष्ण ओझा ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में सांप्रदायिकता और नफरत का माहौल लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को प्रभावित कर रहा है। उन्होंने इसे सरकार की बड़ी नाकामी बताया। रामकृष्ण ओझा ने कहा कि देश के छात्र, नौजवान, बेरोजगार, महिलाएं तथा शोषित-वंचित और गरीब वर्ग कांग्रेस की ओर उम्मीद से देख रहे हैं। उन्होंने राहुल गांधी को इन वर्गों के लिए उम्मीद की किरण बताते हुए दावा किया कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धियां लेकर आएगा। कांग्रेस नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को मजबूती देने का संकल्प दोहराया।

**विभिन्न दलों के 50 लोग कांग्रेस में शामिल**

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता वाचस्पति दुबे के नेतृत्व में विभिन्न दलों से आए आधा सैकड़ा से अधिक पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर जोर दिया। सदस्यता लेने वालों में श्रीमती प्रतिमा अग्निहोत्री, सपा कार्यकर्ता करतार सिंह नगला कन्हई जसवन्तनगर, अधिवक्ता हेमंत तिवारी, अतुल पाण्डेय, अनुराग शर्मा, राहुल तिवारी, उमेश तिवारी सहित 50 लोग शामिल रहे।



बीकानेर हाउस में सजा राजस्थान का पारंपरिक स्वाद

# तीजोत्सव में दिखी खान-पान और संस्कृति की समृद्ध झलक

जयपुर(नि.सं.)। नई दिल्ली के बीकानेर हाउस में 24 अगस्त तक आयोजित हो रहे 'तीजोत्सव 2026' में राजस्थान की समृद्ध खान-पान परंपरा और पारंपरिक राजस्थानी व्यंजनों की विशेष झलक देखने को मिल रही है। तीजोत्सव के दौरान दिल्लीवासियों को राजस्थान के पारंपरिक स्वाद, आतिथ्य और सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का अवसर मिल रहा है। इस अवसर पर प्रमुख आवासीय आयुक्त रोहित कुमार ने बताया कि तीजोत्सव का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक परंपराओं के साथ-साथ उसकी विशिष्ट पाक-कला को भी व्यापक मंच प्रदान करना है। राजस्थानी व्यंजन केवल स्वाद का विषय नहीं हैं, बल्कि वे राजस्थान की लोक संस्कृति, परंपरा, आतिथ्य और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा हैं। उन्होंने बताया कि तीजोत्सव में राजस्थान के विभिन्न अंचलों के पारंपरिक एवं लोकप्रिय व्यंजन विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र बन रहे हैं। इनमें दाल-बाटी-चूरमा, गट्टे की सब्जी, केर-सांगरी, बाजरे की राबड़ी, मिर्ची बड़ा, कढ़ी-पकौड़ा सहित अन्य पारंपरिक व्यंजन शामिल हैं। राजस्थानी व्यंजनों के साथ पारंपरिक मिठाइयों एवं पकवानों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। घेवर, मिल्क केक और रबड़ी जैसे व्यंजन राजस्थान की विशिष्ट मिठास और पाक-कला की समृद्ध परंपरा को प्रदर्शित कर रहे है।

## न्यूज इन बॉक्स




# जयपुर घूमने निकली 20 देशों की सुदरियां

**जलमहल के सामने मॉडल्स ने फोटोशूट करवाया, शहर में मिस ओशियन वर्ल्ड 2026 का फिनाले होगा**

जयपुर। इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट्स मिस ओशियन वर्ल्ड 2026 के लिए दुनियाभर की सुंदरियां जयपुर पहुंची शुरू हो गई हैं। 20 देशों से आई मॉडल्स और पेजेंट क्वींस जयपुर के टूरिस्ट स्पॉट्स पहुंच रही हैं। सात दिन तक चलने वाले इस अंतरराष्टीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य सौंदर्य प्रतियोगिता के साथ-साथ विभिन्न देशों की संस्कृति और परंपराओं के बीच आदान-प्रदान और जयपुर के पर्यटन और हेरिटेज को अंतरराष्टीय स्तर पर प्रमोट करना है। आयोजक योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा और डायरेक्टर एकता जैन ने बताया- जयपुर को इस अंतरराष्टीय पेजेंट के आयोजन के लिए विशेष रूप से चुना गया है। पेजेंट से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में टूरिज्म, कल्चर और हेरिटेज प्रमोशन के साथ कंटेस्टेंट्स को भारतीय परंपराओं और राजस्थान की समृद्ध संस्कृति से परिचित कराया जा रहा है।



# एक करोड़ की अवैध शराब सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**हनुमानगढ़ पुलिस की अंतरराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

हनुमानगढ़। महानिदेशक पुलिस राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार हनुमानगढ़ पुलिस ने अंतरराज्यीय शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब एक करोड़ रुपये कीमत की चंडीगढ़ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। पुलिस ने शराब से भरे ट्रक को जब्त कर दो तस्करों–दलीप उर्फ दीप निवासी नेतराना गोगामेड़ी तथा विक्रम निवासी नेतराना गोगामेड़ी–को गिरफ्तार किया है। ट्रक से विभिन्न ब्रांड की कुल 530 पेटी शराब में 25,440 पव्वे बरामद किए गए हैं। फोम के गद्दों के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे शराब हनुमानगढ़ जिला पुलिस अधीक्षक बी.आदित्य ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी चंडीगढ़ से अवैध शराब ट्रक के जरिए गुजरात सप्लाई करने की फिराक में थे।



## नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

# राजस्थान पुलिस की नशे के विरूद्ध विशेष रणनीति,हर बुधवार होगी एंटी नारकोटिक कार्रवाइयों की समीक्षा

**डीजीपी के स्पष्ट निर्देश - नशे के नेटवर्क पर करें कार्रवाई**

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान पुलिस द्वारा नशे के विरूद्ध विशेष रणनीति तैयार कर अब नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की हर सप्ताह समीक्षा करने का निर्णय लिया है। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस मुख्यालय में प्रत्येक बुधवार नशे के विरुद्ध राज्य स्तर के अभियानों एवं कार्रवाइयों की विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। बुधवार, 19 अगस्त को पुलिस महानिदेशक राजस्थान राजीव शर्मा की अध्यक्षता में ऐसी प्रथम साप्ताहिक समीक्षा बैठक में पुलिस अधिकारियों को नशे के नेटवर्क तथा इसमें शामिल अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। इस मौके पर डीजीपी शर्मा ने कहा कि नशे और नशे के कारोबार में लिप्त अपराधियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस नशे की तस्करी के स्रोत, सप्लाई नेटवर्क और इससे जुड़े लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करे।

**सात माहों में हुई सर्वाधिक कार्रवाइयां**

डीजीपी शर्मा ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में वर्ष 2026 के शुरुआती सात माह में ही अधिक एंटी नारकोटिक कार्रवाइयां की गई हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि कार्रवाई को सिर्फ नशे की बरामदगी और गिरफ्तारी तक सीमित नहीं रखा जाए बल्कि पूरे नेटवर्क को चिह्नित कर उसके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाए।

आधारभूत ढांचा होगा और अधिक मजबूत

शर्मा ने बताया कि प्रदेश में एंटी नारकोटिक गतिविधियों को और गति देने के लिए आधारभूत ढांचे को और अधिक मजबूत किया जा रहा है। इससे नशे के खिलाफ अभियान को बेहतर समन्वय, मजबूत सूचना तंत्र और प्रभावी निगरानी के साथ आगे बढ़ाया जा सकेगा। उन्होंने जिलों में नशे के हॉटस्पॉट चिह्नित कर नियमित निगरानी रखने तथा नशे की तस्करी से जुड़े अपराधियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



# हाईकोर्ट ने पूर्व सीजेआई की नियुक्ति का आदेश रद्द किया

**आदर्श क्रेडिट सोसायटी विवादित संपत्ति मामले में दिया फैसला**

जोधपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने आदर्श क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसायटी की विवादित संपत्तियों से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना को वन मैन कमीशन नियुक्त करने संबंधी आदेश रद्द कर दिया है। जस्टिस मुन्नूरी लक्ष्मण और जस्टिस संगीता शर्मा की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। हालांकि कोर्ट ने संपत्तियों पर जारी अटैचमेंट और स्टेटस-क्वो (यथास्थिति) के अंतरिम आदेशों में हस्तक्षेप नहीं किया है। यह आदेश मेघा टाक और अन्य की विशेष अपीलों पर सुनवाई करते हुए दिया गया। इन अपीलों में विवादित संपत्तियों को लेकर पारित अंतरिम आदेशों और बाद में गठित विशेष समिति के आदेश को चुनौती दी गई थी।

## छात्राओं ने किया प्रदर्शन

# गर्ल्स कॉलेज में प्राचार्य के खिलाफ छात्राओं ने किया प्रदर्शन

**बोलीं–छात्रा के बाल खींचे, अभद्र व्यवहार किया; कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन करेंगे**



झुंझुनूं(वि.सं.)। झुंझुनूं के एनएमटी गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं ने प्राचार्य के खिलाफ प्रदर्शन किया है। छात्राओं का आरोप है कि प्राचार्य ने एक छात्रा के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए उसके बाल पकड़कर खींचे और अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। घटना से नाराज छात्राओं ने कॉलेज परिसर में नारेबाजी कर निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। एसएफआई ने चेतावनी दी है कि मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शन कर रही छात्राओं का कहना है कि कॉलेज में छात्राओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जा रहा है। उनका आरोप है कि प्राचार्य ने एक छात्रा के बाल पकड़कर खींचे और उसके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया, जिससे छात्राओं में रोष फैल गया। छात्राओं ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। छात्राओं ने कहा कि कॉलेज शिक्षा का मंदिर है, जहां हर छात्रा को सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण मिलना चाहिए।

## राजस्थान विधानसभा

# राजस्थान विधानसभा में शोकाभिव्यक्ति

जयपुर(नि.सं.)। सोलहवीं राजस्थान विधानसभा के षष्ठम सत्र के पहले दिन गुरुवार को सदन में दिवंगत पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्रियों, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायकों के निधन पर शोक प्रस्ताव प्रस्तुत कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सदस्यों ने दिवंगत नेताओं के सार्वजानिक जीवन एवं उनके योगदान को स्मरण करते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल डी.वाई. पाटिल, उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चन्द्र खंडूरी, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. भास्कर राव, पूर्व सांसद श्री विष्णु मोदी, पूर्व संसदीय सचिव ब्रह्मदेव कुमावत तथा पूर्व विधायक बाबूलाल बैरवा और नवनीत लाल निनामा के निधन पर शोक व्यक्त किया। त्रिपुरा के पूर्व राज्यपाल डी.वाई. पाटिल के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देवनानी ने बताया कि स्व. श्री पाटिल 1967 से 1978 तक महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य रहे। वे 2009 से 2013 तक त्रिपुरा तथा 2013 से 2014 तक बिहार के राज्यपाल रहे। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा, सुशासन एवं सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। समाज सेवा के लिए उन्हें वर्ष 1991 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उनका निधन 4 अगस्त, 2026 को हुआ। देवनानी ने बताया कि उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चन्द्र खंडूरी दसवीं, बारहवीं, तेरहवीं,



चौदहवीं एवं सोलहवीं लोकसभा के सदस्य रहे। वे 2007 से 2013 तक उत्तराखण्ड विधानसभा के सदस्य रहे तथा दो बार राज्य के मुख्यमंत्री रहे। उनका निधन 19 मई, 2026 को हुआ। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एन. भास्कर राव तीन बार आंध्र प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे और राज्य सरकार में विभिन्न विभागों में राज्य मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री रहे। वे अगस्त से सितम्बर, 1984 तक आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे तथा लोकसभा के सदस्य भी रहे। उनका निधन 22 अप्रैल, 2026 को हुआ। विधानसभा अध्यक्ष ने पूर्व सांसद विष्णु मोदी के सार्वजनिक जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि स्व. मोदी दसवीं राजस्थान विधानसभा में पुष्कर तथा बारहवीं विधानसभा में मसूदा से विधायक निर्वाचित हुए।



# बूंदी मेडिकल कॉलेज की व्यवस्थाएं होंगी मजबूत

**नए पदों से पार्किंग तक एक्शन प्लान तैयार, कलेक्टर ने दिए निर्देश**

बूंदी(वि.सं.)। बूंदी में मेडिकल कॉलेज के सुचारु और व्यवस्थित संचालन को लेकर गुरुवार को जिला कलेक्टर हरफूल सिंह यादव ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन के साथ बैठक की। उन्होंने कॉलेज में आवश्यकतानुसार नवीन पदों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिए। साथ ही, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर मेडिकल कॉलेज के लिए डेडिकेटेड फीडर स्थापित करने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

**लंबित निर्माण कार्य समय पर पूरे हों:** कलेक्टर ने मेडिकल कॉलेज में चल रहे लंबित निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कोटपूतली में एसीबी की बड़ी कार्रवाई

# मुकदमे में कार्रवाई की एवज में घूस लेते सब-इंस्पेक्टर रंगे हाथों गिरफ्तार, 3,500 रुपये रिश्वत राशि बरामद



जयपुर / कोटपूतली (वि.सं.)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ACB) की अलवर प्रथम चौकी ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए कोटपूतली थाने में पदस्थापित उप निरीक्षक (SI) राजेन्द्र सिंह को 3,500 रुपये की नकद रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पुलिस अधिकारी न्यायालय के जरिए दर्ज कराए गए एक मुकदमे में अनुसंधान आगे बढ़ाने की एवज में परिवादी से घूस की मांग कर रहा था। मुकदमे में आगे की कार्रवाई के नाम पर मांगी थी रिश्वत परिवादी ने एसीबी चौकी अलवर में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने एक बैंक के विरुद्ध न्यायालय के माध्यम से पुलिस थाना कोटपूतली में मुकदमा (एफआईआर संख्या 380/2026) दर्ज करवाया था। इस प्रकरण का अनुसंधान उप निरीक्षक राजेन्द्र सिंह द्वारा किया जा रहा था। केस में आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने की एवज में जांच अधिकारी राजेन्द्र सिंह परिवादी से ?5,000 की रिश्वत मांगकर लगातार परेशान कर रहा था।

**सत्यापन के बाद ट्रैप रचा:** शिकायत मिलने पर एसीबी अलवर प्रथम चौकी ने 19 अगस्त 2026 को रिश्वत मांग का गोपनीय सत्यापन करवाया।

**सत्यापन में पुष्टि:** सत्यापन के दौरान आरोपी सब-इंस्पेक्टर द्वारा रु.5,000 की मांग की पुष्टि हुई।

## शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान | आगामी त्योहारों को देखते हुए खाद्य सुरक्षा दल मुस्तैद

# 102 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, 142 नमूने लिए गए

## 9 खाद्य कारोबारियों को नोटिस जारी

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खीवसर के निर्देशन में प्रदेश में संचालित शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग द्वारा मिलावटी एवं असुरक्षित खाद्य पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। आगामी त्योहारों को देखते हुए विभाग द्वारा विशेष त्योहारी अभियान के तहत प्रदेशभर में खाद्य प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण, खाद्य




पदार्थों की सैंपलिंग तथा अमानक एवं दूषित खाद्य सामग्री के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि अभियान के तहत प्रदेशभर में एक ही दिन में 102 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा जांच के लिए 142 नमूने लिए गए। इनमें 92 एनफोर्समेंट तथा 50 सर्विलांस नमूने शामिल हैं। सभी नमूनों को जांच के लिए राज्य केंद्रीय जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा गया है। प्रयोगशाला रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान प्रथम दृष्टया अमानक, बासी/अवधिपार एवं स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पाए गए 893 किलोग्राम से अधिक खाद्य सामग्री को मौके पर ही नष्ट करवाया गया। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों में लापरवाही पाए जाने पर 9 खाद्य कारोबारियों को इम्प्रूवमेंट नोटिस जारी किए गए।

**जयपुर में कार्रवाई**

जयपुर प्रथम की टीम ने बजाज नगर स्थित हनुमान मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी, सिंधी कैंप स्थित होटल जय मंगल पैलेस से पनीर तथा एम.बी. स्वीट्स से गुलाब जामुन के नमूने लिए।

जयपुर द्वितीय की टीम ने आगरा रोड, बगराना स्थित बिना फूड लाइसेंस संचालित मिठाई कारखाने पर कार्रवाई करते हुए करीब 300 किलो सोनपपड़ी नष्ट करवाई। बिना फूड लाइसेंस संचालन पाए जाने पर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार अग्रिम आदेशों तक मशीनों को सील कर प्रतिष्ठान बंद करवाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप का दावा: 2020 चुनाव में 24 हजार गैर-नागरिकों ने डाला वोट; क्या जांच में और बढ़ेगा आंकड़ा

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव को लेकर एक बार फिर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी जनगणना ब्यूरो 2020 के मतदाता आंकड़ों को नागरिकता संबंधी जानकारी से मिलाकर जांच कर रहा है। ट्रंप ने दावा किया कि शुरुआती 12.8 करोड़ मतदाताओं की जांच में 24 हजार से ज्यादा गैर-नागरिकों ने अवैध तरीके से मतदान किया। ट्रंप ने कहा, जनगणना ब्यूरो ने 2020 के मतदाता आंकड़ों को उनके नागरिकता रिकॉर्ड से मिलाकर जांच शुरू कर दी है। पहले 128,000,000 मतदाताओं की जांच में जनगणना ब्यूरो ने साबित किया है कि 24 हजार से ज्यादा गैर-नागरिकों ने अवैध रूप से वोट किया। जनगणना ब्यूरो अब अगले 3.2 करोड़ मतदाताओं का विश्लेषण करने जा रहा है और यह संख्या बहुत बढ़ जाएगी। इससे पहले ट्रंप ने भारत की चुनाव व्यवस्था की तारीफ करते हुए कांग्रेस से सेव अमेरिका एक्ट पारित करने की अपनी मांग फिर दोहराई। ट्रुथ सोशल पर एक अन्य पोस्ट में ट्रंप ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ हाल की बातचीत का जिक्र किया और भारत में मतदाताओं के लिए फोटो पहचान पत्र के इस्तेमाल की बात कही। ट्रंप ने कहा, इस महीने की शुरुआत में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से पूछा- अमेरिका में वैध फोटो पहचान पत्र के बिना आप चुनाव कैसे करा सकते हैं उन्होंने भारत में हुए सबसे हाल के आम चुनाव का भी जिक्र किया और कहा- भारत के पिछले चुनाव में 646,000,000 मतदाता थे। 1 प्रतिशत से भी कम लोगों ने डाक से मतदान किया और हर एक मतदाता के पास एक वैध फोटो पहचान दस्तावेज होना जरूरी था।

### जमात फैक्टर में उलझी बांग्लादेशी प्रधानमंत्री की भारत यात्रा; तीस्ता कितना बड़ा मसला

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान को सितंबर में वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए आमंत्रित किया गया है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से द्विपक्षीय यात्रा का निमंत्रण भी दिया गया है। ढाका अब तक इस यात्रा का फैसला नहीं कर पाया है। बांग्लादेशी विदेश मंत्रालय का कहना है कि यात्रा के लिए अनुकूल माहौल बनना जरूरी है और शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा भी उठाया जा रहा है। लेकिन, असल मसला जमात-ए-इस्लामी फैक्टर से जुड़ा हुआ है। रहमान की दुविधा केवल यह नहीं है कि भारत से उन्हें क्या हासिल करना है। उन्हें यह भी देखना है कि भारत के साथ किसी बड़े मेलमिलाप की घरेलू राजनीतिक कीमत कितनी होगी। बांग्लादेश के हालिया आम चुनाव में जमात-ए-इस्लामी प्रमुख विपक्ष बनकर उभरा है। उसके पास 68 सीटें हैं और उसके अमीर शफीकुर रहमान विपक्ष के नेता हैं। इतनी मजबूत और संगठित इस्लामवादी ताकत को राजनीतिक रूप से नजरअंदाज करना आसान नहीं है। जमात भारत से संबंध तोड़ना नहीं चाहती है। पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में भारत के साथ पारस्परिक सम्मान और निष्पक्षता के आधार पर संबंधों की बात की थी। समस्या भारत के साथ संबंधों की शर्तों और पुराने राजनीतिक अविश्वास की है।

### ईरान के निशाने पर यूएई: दागी गईं दो बैलिस्टिक मिसाइलें, एक क्षेत्रीय जल में गिरी; रक्षा मंत्रालय ने खोला राज

**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की ओर मिसाइल खतरे को लेकर जारी अलर्ट के बाद देश के रक्षा मंत्रालय ने बड़ा दावा किया है। मंत्रालय के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान से यूएई की दिशा में दागी गईं दो बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दोनों मिसाइलों में से पहली देश के क्षेत्रीय जल से बाहर जा गिरी, जबकि दूसरी मिसाइल यूएई के क्षेत्रीय जल में गिरी। मंत्रालय के बयान के मुताबिक, इस घटना के बाद भी देश की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह सतर्क है। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी बयान में कहा कि वह हाई अलर्ट पर है और किसी भी संभावित खतरे से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि देश की सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी कोशिश का मजबूती से सामना किया जाएगा। मंत्रालय के अनुसार, यूएई का उद्देश्य देश की संप्रभुता, सुरक्षा और स्थिरता को बनाए रखना है। साथ ही राष्ट्रीय हितों और क्षमताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरी कदम उठाने की तैयारी है।

# रहमान के भारत दौरे को यादगार बनाना चाहते हैं पीएम मोदी; अधिकारियों को दिया गया निर्देश

**ढाका, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच रिश्तों में हालिया तनाव के बावजूद नई दिल्ली संबंधों को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश कर रही है। भारतीय उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान का प्रस्तावित भारत दौरा यादगार हो। भारत ने आपसी भरोसे, व्यापार, निवेश और युवाओं के लिए अवसरों को द्विपक्षीय संबंधों का आधार बनाने पर जोर दिया है। हालांकि, शेख हसीना के प्रत्यर्पण और उनके भारत से दिए गए हालिया मीडिया संदेश को लेकर दोनों देशों के बीच मतभेद अब भी बड़ी चुनौती बने हुए हैं।

**रहमान के स्वागत को लेकर पीएम मोदी का भरोसा :** राजदूत की ये बातें मंगलवार को ऐसे समय में सामने आईं, जब 12-13 सितंबर को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में रहमान के प्रस्तावित दौरे को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। यह अनिश्चितता ढाका की ओर से अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को लेकर भारत और बांग्लादेश के बीच पैदा हुई नई तल्खी के कारण है। द बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, त्रिवेदी ने मंगलवार को भारतीय उच्चायोग की ओर से बांग्लादेश के प्रमुख कारोबारी नेताओं और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल के लिए



आयोजित एक स्वागत समारोह में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का संदेश था कि दोनों नेताओं को मुलाकात करनी चाहिए।

**मोदी चाहते हैं दौरा बने यादगार :** बैठक के दौरान राजदूत त्रिवेदी ने भरोसा दिलाया कि भारत दौरे के दौरान पीएम रहमान का उचित और सम्मानजनक स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने बस एक बात कही। हमें मिलना चाहिए। और आप मेरी तरफ से उन्हें बता सकते हैं कि उन्हें भारत के प्रधानमंत्री का भरोसा है कि जब बांग्लादेश के प्रधानमंत्री भारत आएंगे, तो उनका वैसा ही सम्मानजनक स्वागत होगा, जिसके वे हकदार हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों नेताओं के बीच मजबूत संबंधों से अंततः दोनों पड़ोसी देशों के लोगों और कारोबारियों को फायदा मिलेगा। इस अंतर को पाटने में दुनिया भर के व्यापारियों की बड़ी भूमिका है।

**अतीत के मतभेदों को सुलझाकर आगे बढ़ने की अपील :** त्रिवेदी ने कहा कि दोनों देशों को भविष्य की ओर देखते हुए अतीत के मतभेदों को सुलझाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं यह नहीं कह रहा कि आप अतीत को भूल जाएं, लेकिन अतीत को ध्यान में रखते हुए पुराने मतभेदों को सुलझाएं। और आगे बढ़ें। एक जगह न रुकें। जीवंत लोकतंत्रों के बीच मतभेद होना स्वाभाविक है और बातचीत तथा आपसी जुड़ाव के जरिए उन्हें सुलझाया जा सकता है। हम बांग्लादेश के भाइयों और बहनों की चिंताओं को अच्छी तरह समझते हैं। लेकिन यह बराबरी की साझेदारी है।

**रिश्तों की बुनियाद है आपसी भरोसा :** उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देशों के बीच टिकाऊ रिश्तों के लिए आपसी विश्वास बेहद जरूरी होगा। किसी भी लंबे समय तक चलने वाले रिश्ते की नींव आपसी और बिना शर्त भरोसा होती है। भारत की नेबरहुड फर्स्ट नीति पर जोर देते हुए त्रिवेदी ने कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में कुछ मुश्किलें जरूर आई हैं, लेकिन इन मुश्किलों को व्यापक द्विपक्षीय संबंधों को कमजोर करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए।

**हसीना को लेकर फिर बढ़ी भारत-बांग्लादेश की तल्खी :** 5 अगस्त को नई दिल्ली से हसीना की वर्चुअल मीडिया बातचीत के बाद हाल के दिनों में दोनों देशों के रिश्तों में आई तल्खी के बीच रहमान की प्रस्तावित भारत यात्रा का मुद्दा अहम हो गया है। बांग्लादेश ने इस मीडिया बातचीत पर नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यक्रम से वहां के लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं और इसका भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने की कोशिशों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हसीना से जुड़े इस मीडिया कार्यक्रम में उसकी कोई भूमिका नहीं थी और वह उस मंच पर बांग्लादेश सरकार के बारे में कही गई किसी भी बात का समर्थन नहीं करता है।

**हसीना के प्रत्यर्पण को लेकर जारी है गतिरोध :** अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक विरोध-प्रदर्शनों के बाद हसीना को सत्ता से हटा दिया गया था और वह भारत आ गई थीं। नवंबर 2025 में बांग्लादेश की एक विशेष ट्रिब्यूनल ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान कथित ÷मानवता के खिलाफ अपराधों÷ के लिए उन्हें उनकी गैर-मौजूदगी में मौत की सजा सुनाई। इसके बाद से ढाका लगातार भारत से हसीना के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है। वहीं, नई दिल्ली का कहना है कि प्रत्यर्पण के अनुरोध की जांच लागू कानूनों और स्थापित कानूनी प्रक्रियाओं के तहत की जा रही है।

# पिया डांडिया ने फ्लोरिडा में डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता; अब किससे होगा मुकाबला



**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की अमेरिकी और स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल पिया डांडिया ने फ्लोरिडा के 22वें कांग्रेस क्षेत्र के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का प्राथमिक चुनाव जीत लिया है। अब नवंबर में होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला रिपब्लिकन पार्टी के कैसी असकर से होगा। कैसी असकर पूर्व नौसैनिक हैं। डांडिया को 68.6 फीसदी मत मिले। उन्होंने वकील कायसिया अर्ली को हराया, जिन्हें 31.4 फीसदी मत मिले।

**पिया डांडिया ने क्या कहा :** डांडिया ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फ्लारिडा-22, इस अभियान पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद। मैं अपने छात्रों, अपने बेटे और इस जिले में बड़े हो रहे हर उस बच्चे के लिए चुनाव में उतरी, जो बेहतर भविष्य का हकदार है। उन्होंने कहा, साथ मिलकर हम खर्च कम करने, भ्रष्टाचार खत्म करने और वॉशिंगटन को फिर से हमारे लिए काम करने वाला बनाने के अभियान को आगे बढ़ाएंगे। मैं आप सभी के साथ यह करने के लिए आभारी हूं। डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी (डीएनसी) ने प्राथमिक चुनाव में डांडिया की जीत पर उन्हें बधाई दी। कमेटी ने एक बयान में कहा, एक शिक्षिका और अपने समुदाय में लंबे समय से नेतृत्व करने वाली पिया ने लोगों के लिए नए अवसर बढ़ाने और कामकाजी परिवारों के लिए लड़ने के लिए खुद को समर्पित किया है। वह दक्षिण फ्लोरिडा के परिवारों के लिए किराने का सामान, स्वास्थ्य सेवाओं और घर की लागत कम करने के लिए कांग्रेस में लड़ने के लिए तैयार हैं। बयान में कहा गया, डीएनसी पिया को जिताने, इस सीट को पलटने और नवंबर में सदन में बहुमत वापस लाने में मदद करने के लिए तैयार है।

**पहले किस सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं डांडिया :** भारत से अमेरिका जाकर बसे माता-पिता की बेटी डांडिया ने इससे पहले फ्लोरिडा के 21वें जिले से रिपब्लिकन पार्टी के ब्रायन मास्ट को चुनौती देने की कोशिश की थी। ब्रायन मास्ट विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष हैं। हाई स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल डांडिया बाद में दक्षिण फ्लोरिडा के 22वें जिले में चली गईं। यह सीट चुनावी क्षेत्र के नए परिसीमन में बनाई गई थी और यहां कोई मौजूदा सांसद चुनाव मैदान में नहीं था।

# 27 साल अमेरिका में रहीं, ग्रीन कार्ड भी था; फिर भी भारतीय मूल की महिला हिरासत में, क्यों हुई कार्रवाई

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय मूल की वेंकटा वसमसेट्टी को अमेरिकी इमिग्रेशन एवं कस्टम्स एन्फोर्समेंट यानी आईसीई ने हिरासत में लिया है। वसमसेट्टी वर्ष 1999 में अमेरिका गई थीं और करीब 27 साल से वहीं रह रही थीं। वर्ष 2013 से वह ग्रीन कार्ड धारक हैं। इसके बावजूद उनके खिलाफ निर्वासन की कार्रवाई शुरू हुई थी।

परिवार के लिए मामला इसलिए भी चौंकाने वाला है क्योंकि इमिग्रेशन कोर्ट कुछ महीने पहले ही उनके खिलाफ चल रहा निर्वासन मामला खारिज कर चुका था। मामले की शुरुआत वर्ष 2022 की एक यात्रा से जुड़ी है। वसमसेट्टी अपने बीमार माता-पिता की देखभाल के लिए भारत आई थीं। इसी दौरान वह कोविड से संक्रमित हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों के कारण उनकी अमेरिका वापसी में देरी हुई। वह करीब सात महीने बाद फरवरी 2023 में अमेरिका लौटीं। अमेरिकी सरकार ने लंबे समय तक अमेरिका से बाहर रहने को इस सवाल से जोड़ा कि क्या उन्होंने अमेरिका में अपना स्थायी निवास छोड़ दिया था। वसमसेट्टी के परिवार और उनकी कानूनी टीम का कहना है कि भारत में रहने के दौरान भी उनका अमेरिका से संबंध बना हुआ था। उनके मुताबिक, अमेरिका में उनका घर, नौकरी और पारिवारिक संबंध मौजूद थे। यानी भारत में लंबे समय तक रुकने के बावजूद उनका इरादा अमेरिका में अपना स्थायी निवास छोड़ने का नहीं था। इसी मामले में उनके खिलाफ निर्वासन की प्रक्रिया आगे बढ़ी थी।

वसमसेट्टी के वकील के अनुसार, सरकार तय समयसीमा में उनके खिलाफ जरूरी सबूत पेश नहीं कर सकी। इसके बाद 19 मई 2026 को इमिग्रेशन जज ने उनके खिलाफ चल रहा निर्वासन का मामला खारिज कर दिया। कानूनी टीम का कहना है कि इस फैसले के बाद भी वसमसेट्टी वैध स्थायी निवासी बनी रहीं। इसके बावजूद उन्हें आईसीई के साथ नियमित चेक-इन के लिए बुलाया जाता रहा। 11 अगस्त को वसमसेट्टी नॉर्थ कैरोलिना के शार्लोट स्थित आईसीई कार्यालय में नियमित चेक-इन के लिए पहुंचीं।

# तय समय से पहले खत्म होगा अमेरिका-दक्षिण कोरिया का सैन्य अभ्यास; क्या है ट्रंप के फैसले की वजह

**सिओल, एजेंसी।** अमेरिका और दक्षिण कोरिया के बीच इस हफ्ते की शुरुआत में शुरू हुआ संयुक्त सैन्य अभ्यास उल्ची फ्रीडम शील्ड (यूएफएस) तय समय से पहले खत्म किया जाएगा। अभ्यास के तहत होने वाला मैदानी प्रशिक्षण भी कम किया जाएगा।


दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने सेना के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में इस सैन्य अभ्यास का आकार घटाने की बात कही थी, जिसके बाद यह घटनाक्रम सामने आया है। योनहाप के मुताबिक, दोनों देशों की सेनाओं ने सैन्य अभ्यास को शुक्रवार तक खत्म करने पर सहमति जताई है। इससे अभ्यास की अवधि करीब आधी रह जाएगी। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ (जेसीएस) ने एक बयान में यह जानकारी दी।



यूएफएस सैन्य अभ्यास 17 से 27 अगस्त तक चलने वाला था। ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के मुताबिक, सैन्य अभ्यास का एक अहम हिस्सा मैदानी प्रशिक्षण भी कुछ हद तक कम किया जाएगा। दोनों देशों की सेनाओं के बीच इसको लेकर बातचीत चल रही है। जल्द ही इसकी पूरी योजना तय की जाएगी। उन्होंने कहा, दक्षिण कोरिया और अमेरिका यूएफएस अभ्यास के उद्देश्यों को हासिल करने और दोनों देशों की सेनाओं की मजबूत संयुक्त रक्षा व्यवस्था बनाने के लिए आगे अलग-अलग कदमों पर चर्चा करने और उन्हें लागू करने पर सहमत हुए हैं। योनहाप के मुताबिक, अमेरिका और सिओल ने अभ्यास के दूसरे हिस्से को कथित तौर पर रद्द कर दिया है। इस हिस्से में दुश्मन के हमले के बाद जवाबी हमला करने की स्थिति का प्रशिक्षण होना था। समाचार एजेंसी ने बताया कि यूएफएस का मुख्य उद्देश्य उत्तर कोरिया से जुड़े संभावित खतरों से निपटने की तैयारी करना है। उसने यह भी बताया कि 2019 में ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भी अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास के आकार को कम किया गया था। उस समय उत्तर कोरिया के साथ परमाणु मुद्दे पर बातचीत अपने सबसे अहम दौर में थी। इस बीच, सीएनएन ने दक्षिण कोरिया में तैनात अमेरिकी सेना के एक प्रवक्ता के हवाले से बताया कि इस साल के सैन्य अभ्यास को उत्तर कोरिया की बदलती सैन्य क्षमताओं के हिसाब से तैयार किया गया था। इसमें ड्रोन, जीपीएस व्यवस्था में रुकावट और साइबर हमलों से निपटने का प्रशिक्षण भी शामिल किया जाना था।

# समुद्र के बाद जमीन पर भी रॉकेट की सफल वापसी; क्या स्पेसएक्स को टक्कर देने की तैयारी में चीन

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन ने पहली बार किसी रॉकेट के पहले हिस्से को जमीन पर सफलतापूर्वक वापस उतार लिया है। सरकारी मीडिया ने बुधवार को यह जानकारी दी। चीन अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के लिए इस तकनीक को विकसित कर रहा है। जमीन पर रॉकेट के पहले हिस्से को वापस उतारना चीन की पहली सफल कोशिश है। लेकिन रॉकेट के किसी हिस्से को वापस हासिल करने की यह चीन की दूसरी सफलता है। इससे पहले जुलाई में समुद्र में बने एक प्लेटफॉर्म पर रॉकेट के हिस्से को सफलतापूर्वक वापस उतारा गया था। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले रॉकेट झूके-3 को बुधवार सुबह छोड़ा गया। इसके बाद रॉकेट के पहले हिस्से को सफलतापूर्वक वापस उतार लिया गया।



**चीन ने यह तकनीक क्यों विकसित की :** एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स और जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन 2015 से रॉकेटों को वापस उतार रही हैं। इससे रॉकेट के उन हिस्सों को दोबारा इस्तेमाल करके अंतरिक्ष में उपग्रह और दूसरे सामान भेजने की लागत कम करने में मदद मिली है, जिन्हें पहले इस्तेमाल के बाद फेंक दिया जाता था। शिन्हुआ ने बताया कि बुधवार को रॉकेट को वापस उतारते समय चीन ने पहली बार खुलने वाले लैंडिंग पैर का इस्तेमाल किया। एजेंसी ने इसे चीन की दोबारा इस्तेमाल होने वाले रॉकेट की तकनीक में एक बड़ी सफलता बताया।

**समुद्र में कैसे वापस लाया गया था रॉकेट :** 10 जुलाई को लॉन्ग मार्च-10बी रॉकेट का पहला हिस्सा उड़ान भरने के बाद दूसरे हिस्से से अलग हो गया था। इसके बाद वह समुद्र में बने एक प्लेटफॉर्म पर वापस आया था। उस समय रॉकेट को जाल से पकड़ने वाली व्यवस्था का इस्तेमाल करके वापस हासिल किया गया था। इसके अगले दिन, 11 जुलाई को जापान ने दोबारा इस्तेमाल किए जा सकने वाले एक प्रयोगात्मक रॉकेट की पहली परीक्षण उड़ान की। रॉकेट ने उड़ान भरने के बाद सुरक्षित तरीके से वापस जमीन पर उतरने में सफलता हासिल की। जापान भी रॉकेट को दोबारा इस्तेमाल करने वाली तकनीक हासिल करने की कोशिश कर रहा है। इसका मकसद अंतरिक्ष में रॉकेट भेजने की लागत कम करना और दुनिया के अंतरिक्ष बाजार में दूसरी बड़ी ताकतों से मुकाबला करना है।

# ट्रेड वॉर की कगार पर अमेरिका-कनाडा ट्रंप की डेडलाइन से बढ़ी हलचल; क्या आखिरी वक्त में झुकेंगे कार्नी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका और कनाडा के बीच टैरिफ विवाद को खत्म करने के लिए बातचीत निर्णायक दौर में पहुंच गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार दोपहर 12÷01 बजे तक समझौता होने की समयसीमा तय की है। समझौता नहीं होने पर कनाडा से आने वाले करीब 20 अरब डॉलर के सामान पर 50त्न टैरिफ लगाने की धमकी दी गई है। इनमें हॉकी स्टिक, टंग डिप्रेशर समेत कई उत्पाद शामिल हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और ट्रंप पिछले दो दिनों में दो बार फोन पर बात कर चुके हैं। कार्नी ने बातचीत को गहन और नाजुक बताया है और कहा है कि फिलहाल इसके बारे में सार्वजनिक रूप से ज्यादा चर्चा करना उचित नहीं है। दोनों पक्ष आखिरी समय में किसी समझौते तक पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं।

**दशकों पुराना व्यापार विवाद :** अमेरिका और कनाडा के बीच व्यापार को लेकर विवाद नया नहीं है। दोनों देश सॉफ्टवुड लकड़ी, डेयरी बाजार और अन्य उत्पादों के व्यापार को लेकर लंबे समय से मतभेद रखते आए हैं। इसके बावजूद दोनों करीबी सहयोगी और महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार बने हुए हैं।

**सीमा पार कारोबार बेहद अहम त्न** करीब 5,525 मील लंबी दोनों देशों की सीमा से रोजाना लगभग 3.3 लाख लोग और करीब 2 अरब डॉलर का सामान गुजरता है। कनाडा के कुल माल निर्यात का लगभग 72त्न अमेरिका जाता है। इसलिए किसी बड़े व्यापार युद्ध का असर दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ सकता है।

**ट्रंप का बदला हुआ रुख :** ट्रंप का मौजूदा रुख पारंपरिक अमेरिकी-कनाडाई संबंधों से काफी अलग है। उन्होंने कनाडाई उत्पादों पर कई टैरिफ लगाए हैं और कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने जैसी टिप्पणियां भी की हैं। इन नीतियों से कनाडा में अमेरिका के प्रति नाराजगी बढ़ी है और सरकार पर ट्रंप के सामने कड़ा रुख अपनाने का दबाव है।

**अमेरिका की प्रमुख मांगें :** मौजूदा बातचीत में अमेरिका चाहता है कि कनाडा ज्यादा अमेरिकी सैन्य उपकरण खरीदे, जिनमें स्न-35 लड़ाकू विमान भी शामिल हैं। अमेरिका गोल्डन डोम मिसाइल डिफेंस सिस्टम में कनाडा की भागीदारी और महत्वपूर्ण खनिजों तक बेहतर पहुंच भी चाहता है। इसका उद्देश्य चीन से मिलने वाली रणनीतिक खनिज आपूर्ति पर अमेरिकी निर्भरता कम करना है।

दूसरी ओर कनाडा स्टील, एल्युमीनियम और सॉफ्टवुड लकड़ी पर लगाए गए अमेरिकी टैरिफ में राहत चाहता है। अमेरिका का आरोप है कि कनाडाई सॉफ्टवुड उद्योग को सरकार की ओर से अनुचित सब्सिडी मिलती है। कनाडा के लिए बिना ठोस रियायत हासिल किए ट्रंप की मांगों को स्वीकार करना राजनीतिक रूप से भी मुश्किल है।

**धारा 338 से बढ़ा दबाव :** ट्रंप ने कनाडा पर दबाव बढ़ाने के लिए करीब एक सदी पुराने टैरिफ कानून का सहारा लिया है। उन्होंने 1930 के टैरिफ एक्ट की धारा 338 के तहत कनाडाई निर्यात के लगभग 5त्न हिस्से वाले उत्पादों पर 50त्न शुल्क लगाया है। ट्रंप का दावा है कि कनाडा अमेरिकी ऑटोमोबाइल, शराब और चीज के निर्यात के साथ भेदभाव करता है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब अमेरिका स्न-मेक्सिको-कनाडा समझौते पर फिर से बातचीत की तैयारी कर रहा है।

# टेक्सास में मुस्लिमों के खिलाफ बढ़ती नफरत से क्यों बढ़ी दहशत, बदलते माहौल में क्या है डर की वजह

**टेक्सास, एजेंसी।** टेक्सास में मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय में उनके खिलाफ नफरती बयानबाजी और विरोध की घटनाएं बढ़ी हैं। डलास के आसपास के इलाकों में दक्षिणपंथी नेताओं की बयानबाजी ने इस चिंता को और बढ़ाया है। कई मुस्लिम परिवारों का कहना है कि वे बेहतर स्कूल, किफायती घर और मजबूत समुदाय की तलाश में टेक्सास आए थे, लेकिन अब बदलते माहौल को लेकर असुरक्षा महसूस कर रहे हैं।

**गुलाम केहर को परिवार की चिंता क्यों सताने लगी :** गुलाम केहर दो महीने पहले सुबह जल्दी उठकर टेक्सास के इर्विंग स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने गए थे। इसके बाद वह अमेरिकी तटरक्षक बल के महीनों लंबे अभियान में सेवाएं देने के लिए रवाना हुए। वह पहले भी ऐसे अभियानों में हिस्सा ले चुके थे, लेकिन इस बार घर से निकलते समय उन्हें परिवार की चिंता सता रही थी। उन्होंने ऐसी व्यवस्था करने की कोशिश की कि जरूरत पड़ने पर कनाडाई सीमा के पास मौजूद अपने तैनाती स्थल तक परिवार पहुंच सके।

**मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ क्या बदला :** टेक्सास में मुस्लिम आबादी पिछले वर्षों में बढ़ी है। डलास-फोर्ट वर्थ महानगर क्षेत्र में 2024 में मुस्लिम आबादी करीब 1.59 लाख बताई गई, जबकि एक दशक पहले यह संख्या लगभग 79 हजार थी। टेक्सास में मुस्लिमों की कुल संख्या तीन से पांच लाख के बीच होने का अनुमान है। राज्य की कुल आबादी में उनका हिस्सा करीब एक से दो प्रतिशत बताया जाता है। हालांकि, अमेरिका की जनगणना में धर्म से जुड़ा सवाल नहीं पूछा जाता, इसलिए सटीक संख्या उपलब्ध नहीं है।

**क्या मुस्लिमों के खिलाफ राजनीति भी तेज हुई है :** टेक्सास में कट्टरपंथी इस्लाम का विरोध लंबे समय से रिपब्लिकन राजनीति का हिस्सा रहा है। लेकिन मुस्लिम आबादी बढ़ने के साथ इस विरोध को लेकर बहस भी तेज हुई है। न्यूयॉर्क में जोहरान ममदानी के मेयर बनने और मिशिगन में सीनेट के लिए अब्दुल



एल-सईद जैसे मुस्लिम नेताओं की राजनीतिक सफलता ने भी राष्ट्रीय स्तर पर इस समुदाय को लेकर चर्चा बढ़ाई है। मुस्लिम नेताओं का कहना है कि इससे राजनीतिक बयानबाजी का असर स्थानीय स्तर पर भी दिखाई दे रहा है।

**टेक्सास सरकार पर क्या आरोप लगाए जा रहे हैं :** मुस्लिम संगठनों का आरोप है कि मामला केवल नेताओं की बयानबाजी तक सीमित नहीं है। उनके मुताबिक, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट और अटॉर्नी जनरल केन पैक्सटन जैसे नेताओं ने कुछ मुस्लिम संस्थाओं की जांच शुरू की है। एबॉट ने उन हवाईअड्डों की सरकारी फंडिंग रोकने की धमकी भी दी, जहां मुस्लिम यात्रियों के लिए वजू की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इन कदमों को लेकर मुस्लिम समुदाय में चिंता बढ़ी है।

**क्या धमकी और विरोध की घटनाएं भी सामने आई हैं :** कुछ मामलों में मुस्लिम समुदाय के लोगों को सीधे धमकियों और विरोध का सामना करना पड़ा। ह्यूस्टन के एक इस्लामिक सेंटर को धमकी देने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। कॉनरो में एक महिला ने एक किराने की दुकान पर मुस्लिम ग्राहकों से कथित तौर पर कहा कि इस राज्य या देश में उनका स्वागत नहीं है। मैककिने में एक मस्जिद के विस्तार से जुड़ी सिटी काउंसिल की बैठक में भी मुस्लिम विरोधी संदेश के साथ एक घटना सामने आई।

**चुनावी बयानबाजी कितनी तीखी हो गई :** हालिया चुनाव के दौरान रिपब्लिकन नेता बो फ्रेंच की एक सोशल मीडिया पोस्ट ने भी विवाद खड़ा किया। रिपोर्ट के मुताबिक, उन्होंने लिखा कि वह तब तक चैन से नहीं बैठेंगे, जब तक हर मुस्लिम वहां से चला नहीं जाता। ऐसी बयानबाजी को मुस्लिम नेता गंभीर मान रहे हैं। उनका कहना है कि 9/11 के बाद लंबे समय में मुस्लिमों के खिलाफ नफरत का माहौल कम हुआ था, लेकिन अब उन्हें एक बार फिर वैसा ही माहौल लौटता दिखाई दे रहा है।

डलास-फोर्ट वर्थ महानगर क्षेत्र टेक्सास में मुस्लिम समुदाय के प्रमुख केंद्रों में से एक बन गया है। यहां दर्जनों मस्जिदें मौजूद हैं और कुछ नई मस्जिदों का निर्माण भी हो रहा है। तमाम मुस्लिम परिवार बेहतर शिक्षा, अपेक्षाकृत सस्ता घर और अपने समुदाय के बीच रहने के लिए यहां पहुंचे हैं। डेट्रॉयट से इर्विंग आए तम्मम अलवान का कहना है कि वे अच्छी जिंदगी की तलाश में यहां आए थे, लेकिन अब उन्हें लगता है कि वे मुश्किल स्थिति में फंस गए हैं। वैली रांच मस्जिद के मुस्लिम विद्वान डॉ. उमर सुलेमान का कहना है कि अमेरिकी संविधान धार्मिक सुरक्षा देता है।

## डब्ल्यूटीसी 2027



# जोश टंग 50 विकेट पूरे कर रचा इतिहास

**हेडिंग्ले, एजेंसी।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग ने पाकिस्तान के खिलाफ हेडिंग्ले टेस्ट के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 में बड़ी उपलब्धि हासिल की। टंग ने पांच विकेट झटककर मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में 50 विकेट पूरे कर लिए और इस आंकड़े तक पहुंचने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उनके शानदार स्पेल की बदौलत पाकिस्तान की पहली पारी 171 रन पर सिमट गई।

### टंग ने पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

पाकिस्तान के खिलाफ पहली पारी में टंग ने 5 विकेट हासिल किए। इसके साथ ही उन्होंने मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में अपने विकेटों की संख्या 50 पहुंचा दी। वह इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को पीछे छोड़ने में कामयाब रहे। टंग ने इस डब्ल्यूटीसी चक्र में अब तक 10 टेस्ट खेले हैं और 27.18 की औसत से 50 विकेट लिए हैं। उनके नाम तीन बार पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा भी दर्ज है।

### स्टार्क और सिराज भी टॉप पर

टंग के बाद मिशेल स्टार्क इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। स्टार्क ने नौ टेस्ट में 19.45 की शानदार औसत से 48 विकेट लिए हैं और उनके नाम भी तीन पांच विकेट हॉल हैं। भारत की ओर से मोहम्मद सिराज मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। सिराज ने 10 टेस्ट में 26.68 की औसत से 41 विकेट लिए हैं, जिसमें दो बार पांच विकेट लेने का कारनामा शामिल है। श्रीलंका के खिलाफ गॉल टेस्ट में दो विकेट लेकर सिराज ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ा था।

### पाकिस्तान के खिलाफ टंग का कहर

टंग ने पाकिस्तान के खिलाफ अपनी पहली पारी में शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने सबसे पहले इमाम-उल-हक को 42 रन के स्कोर पर आउट किया। इमाम ने 74 गेंदों का सामना किया था और अब्दुल्ला शफीक के साथ 91 रन की साझेदारी की थी। इसके बाद टंग ने स्टैंड-इन कप्तान सलमान अली आगा को पवेलियन भेजा। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और अली उस्मान को लगातार गेंदों पर एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद मोहम्मद अब्बास को आउट कर टंग ने अपना पांच विकेट हॉल पूरा किया।

### रॉबिन्सन ने भी झटका पांच विकेट

टंग के साथ ओली रॉबिन्सन ने भी पाकिस्तान की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। दोनों इंग्लिश तेज गेंदबाजों ने पांच-पांच विकेट लेकर पाकिस्तान को 48.1 ओवर में 171 रन पर समेट दिया। दिलचस्प बात यह है कि 1998 के बाद यह पहली बार है जब इंग्लैंड के दो तेज गेंदबाजों ने एक ही टेस्ट पारी में पांच-पांच विकेट लिए हैं। इससे पहले एंडी कैडिक और एंगस फ्रेजर ने पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी।

## संक्षिप्त समाचार

**सीपीएल 2026**

### गुयाना अमेजन वारियर्स ने सेंट लूसिया किंग्स को 7 विकेट से हराया



**सेंट लूसिया, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 में डैरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए मुकाबले में सेंट लूसिया किंग्स ने गुयाना अमेजन वारियर्स को 7 विकेट से हरा दिया। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी सेंट लूसिया किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 151 रन बनाए थे। चरिथ असलांका ने 28 गेंदों पर 2 छक्कों और 1 चौके की मदद से 35 रन बनाए। इसके अलावा एंड्रिज गॉस ने 20, कामिल पूरन ने 19, डैरोन नेड ने 17, मैथ्यू फोर्ड और कप्तान रोस्टन चेज ने 14-14 रन बनाए। गुयाना अमेजन वारियर्स के लिए ड्वायन प्रिटोरियस ने 3, शमार जोसेफ ने 2 और रोमारियो शेफर्ड ने 1 विकेट लिए। 152 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी गुयाना को ग्लेन फिलिप्स और मावेंद्र दिनदयाल ने तेज शुरुआत दी। दोनों ने पहले विकेट के लिए 10.3 ओवर में 79 रन जोड़े। फिलिप्स 26 गेंदों पर 2 छक्कों और 2 चौकों की मदद से 36 रन बनाकर आउट हुए। दिनदयाल ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 गेंदों पर 2 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 50 रन की पारी खेली। वह दूसरे विकेट के रूप में तब आउट हुए, जब टीम का स्कोर 14 ओवर में 107 रन था। कप्ताम शे होप 17 रन बनाकर आउट हुए। शिमरोन हिटमायर 11 गेंदों पर 1 छक्का और 4 चौकों की मदद से 25 और सैंपसन 4 गेंदों पर 13 रन बनाकर नाबाद रहे। हिटमायर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। गुयाना ने 3 विकेट के नुकसान पर 18.1 ओवर में 157 रन बनाए और 7 विकेट से मैच जीता। सेंट लूसिया की तरफ से महिश तिक्षाणा ने 2, जबकि जोशुआ बिशप ने 1 विकेट लिए। गुयाना अमेजन वारियर्स की सीजन के दूसरे मैच में यह दूसरी जीत थी, जबकि सेंट लूसिया की पांचवें मैच में यह तीसरी हार थी।

### एसीबी ने नूर अहमद का एनओसी रद्द किया, सीपीएल से बाहर हुए अफगान स्पिनर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2026 में सेंट लूसिया किंग्स को एक बड़ा झटका लगा है। अफगानिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नूर अहमद सीपीएल के बचे मैचों में सेंट लूसिया किंग्स के लिए नहीं खेल पाएंगे। अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने नूर अहमद उनका नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (एनओसी) रद्द कर दिया है। सेंट लूसिया किंग्स ने नूर अहमद के विकल्प के रूप में न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज और विकेटकीपर टिम सीफर्ट को साइन किया है। सेंट लूसिया किंग्स द्वारा जारी बयान में कहा गया, 'नूर अब बाकी टूर्नामेंट में सेंट लूसिया किंग्स का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। फ्रेंचाइजी इस बात से निराश है कि नूर टीम में शामिल नहीं हो पाएंगे। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।' बयान में आगे कहा गया, 'सेंट लूसिया किंग्स टिम सीफर्ट का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं, जो अभी स्क्वाड में शामिल होने के लिए सेंट लूसिया जा रहे हैं।' नूर ने 2020 में किंग्स (तब सेंट लूसिया जॉक्स) के साथ करार किया था। वीजा दिक्कतों की वजह से उन्हें उनके लिए खेलने का मौका नहीं मिला। सीपीएल 2024 में वह टीम के लिए खेले और 12 मैचों में 22 विकेट लेकर न सिर्फ टूर्नामेंट के सबसे सफल गेंदबाज रहे, बल्कि टीम को चैंपियन बनाया।

# आईपीएल मत खेलना वरना...

## मानव सुतार को मिली चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मानव सुतार टीम इंडिया के नए स्टार बन गए हैं. श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में उन्होंने कुल 10 विकेट लेकर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया. उन्होंने अभी तक अपने टेस्ट करियर में सिर्फ 2 मैच खेले हैं, लेकिन उन्हें रवींद्र जडेजा का उत्तराधिकारी माना जा रहा है, क्योंकि सुतार जडेजा की ही तरह लेफ्ट-आर्म स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर हैं.

सुतार के दमदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने गॉल टेस्ट में 165 रनों से जीत दर्ज की थी. मगर पूर्व क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा ने उन्हें चेतावनी दे डाली है. पुजारा ने सलाह देते हुए कहा कि इस स्टार स्पिन गेंदबाज को इंडियन प्रीमियर लीग में नहीं जाना चाहिए. साथ ही पुजारा ने टीम इंडिया मैनेजमेंट से आग्रह किया कि मानव सुतार को रेड बॉल स्पेशलिस्ट गेंदबाज बनाया जाए. चेतेश्वर पुजारा ने कहा कि युवा खिलाड़ियों के भीतर छोटे फॉर्मेट में खेलने की लालसा होती है, लेकिन मानव सुतार को ऐसा करने से बचना चाहिए. पुजारा के अनुसार सुतार ने आईपीएल खेला तो इसका उनकी गेंदबाजी स्किल्स पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है. पुजारा ने कहा, 'सभी युवा खिलाड़ियों चाहते होंगे कि उन्हें छोटे फॉर्मेट में खेलने का अवसर मिले, लेकिन टीम इंडिया को उन्हें (मानव सुतार) को टेस्ट स्पेशलिस्ट बनाना चाहिए. उनका भी आईपीएल में खेलने का मन कर सकता है, लेकिन वहां मत जाना. उन्हें अगर आईपीएल में खेलने का मौका मिलता है, तो वह अच्छा होगा लेकिन जो आपकी ताकत है उसको मत बदलना.'

### गुजरात टाइटंस का हिस्सा हैं सुतार

मानव सुतार अभी गुजरात टाइटंस फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं. अपने आईपीएल करियर में उन्होंने अब तक केवल 5 मैच खेले हैं, जिनमें वो सिर्फ 2 विकेट ले पाए हैं. इनमें 4 मुकाबले उन्होंने आईपीएल 2026 में खेले थे. ओवरऑल टी20 करियर में उन्होंने अब तक 29 मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम 25 विकेट हैं और इकोनॉमी रेट सिर्फ 7.33 का है.



## मानव सुथार के 10 विकेट लेने के पीछे का 'सीक्रेट' पता चल गया

टीम इंडिया के युवा स्पिनर मानव सुथार ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद अपनी शानदार गेंदबाजी का राज खोला है। हाल ही में श्रीलंका के खिलाफ गॉल इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए टेस्ट में 10 विकेट लेकर सुर्खियों में आने वाले मानव सुथार ने बताया कि उनकी सफलता के पीछे 'स्पॉट बॉलिंग' और दिग्गज स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का अहम योगदान है। एक वीडियो में सुथार ने बताया कि वह बचपन में 14-15 साल की उम्र से ही रोजाना 30 से 35 ओवर गेंदबाजी का अभ्यास करते थे। उनका मुख्य फोकस स्पॉट बॉलिंग (एक ही जगह पर लगातार गेंद डालना) पर रहता था। उनका मानना है कि स्पॉट बॉलिंग से ही किसी भी गेंदबाज की सबसे बेस्ट बॉल तैयार होती है। इसके अलावा सुथार ने बताया कि वह बड़े होते हुए रविचंद्रन अश्विन को अपना आदर्श मानते थे। अश्विन की गेंदबाजी और उनकी विविधताओं ने उन्हें हमेशा प्रेरित किया। गॉल टेस्ट के पहली पारी में सुथार ने 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट अपने नाम किए थे। उनकी इस बॉलिंग की बदौलत भारत ने पहले टेस्ट में श्रीलंका को 165 रन से करारी शिकस्त दी।



## भारत से हार के बाद श्रीलंकाई टीम को ट्रिपल झटका...

### दूसरे टेस्ट से 2 स्टार बाहर, एक पर सस्पेंस



**नईदिल्ली, एजेंसी।** गॉल टेस्ट में श्रीलंकाई टीम को भारत के हाथों 165 रनों की बड़ी हार झेलनी पड़ी थी. अब श्रीलंका को सीरीज बराबर करने के लिए दूसरा टेस्ट जीतना ही होगा. हार या ड्रॉ होने की स्थिति में भारत सीरीज अपने नाम कर लेगा. दूसरा टेस्ट मैच 23 अगस्त से कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब में होना है. कोलंबो टेस्ट से पहले श्रीलंका की मुश्किलें और बढ़ गई हैं. कुसल मेंडिस और दिनेश चांदीमल दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं, जबकि पथुम निसंका के खेलने पर भी संशय बना हुआ है. श्रीलंका के हेड कोच गैरी कर्स्टन ने गॉल टेस्ट के बाद खिलाड़ियों की चोट को लेकर अपडेट दिया. उन्होंने साफ किया कि कुसल मेंडिस की हैमस्ट्रिंग की चोट गंभीर है और वह फिलहाल टीम के लिए उपलब्ध नहीं होंगे.गैरी कर्स्टन ने कहा, 'कुसल मेंडिस को हैमस्ट्रिंग की गंभीर चोट लगी है. वह कुछ समय तक उपलब्ध नहीं रहने वाले हैं.' श्रीलंका को सबसे बड़ा झटका दिनेश चांदीमल के रूप में लगा है. चांदीमल को गॉल टेस्ट के दौरान फील्डिंग करते समय गर्दन और कंधे में चोट लगी थी. इसके बाद पसिंदु सूरियाबंडारा को उनके स्थान पर कन्कशन सब्स्टीट्यूट के रूप में उतारा गया था. हालांकि सूरियाबंडारा अपनी पहली ही गेंद पर बिना खाता खोले आउट हो गए थे.

**मेजर लीग सॉकर**

## इंटर मियामी और फिलाडेल्फिया यूनियन का मैच 2-2 से हुआ ड्रॉ

**चेस्टर, एजेंसी।** मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) रेगुलर सीजन एक्शन में इंटर मियामी सीएफ और फिलाडेल्फिया यूनियन के बीच सुबारू पार्क में खेला गया मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा। मियामी के लिए कप्तान लियोनेल मेसी और डेनियल पिंटर ने 1-1 गोल किए।



मेजबान फिलाडेल्फिया ने मैच का पहला गोल दागा। इंडियाना वासिलिव ने 11वें मिनट में शानदार गोल करते हुए टीम को बढ़त दिलाई। मियामी ने 21वें मिनट में गोल करते हुए बराबरी की। मियामी के लिए 21वें मिनट में डेनियल पिंटर ने गोल दागा। यह एमएलएस में पिंटर का पहला गोल था। पिंटर ने फुटबॉल इतिहास के दो बेहतरीन फुटबॉलर्स की मदद से अपने एमएलएस करियर का पहला गोल दागा। ये दो फुटबॉलर मेसी और लुईस सुआरेज थे। मेसी ने बॉक्स के बाईं ओर सुआरेज को गेंद दी, जिन्होंने हेडर से पास को मोड़कर पिंटर को बीच में पहुंचाया, जहां उन्होंने पास से बॉल को गोल पोस्ट में डाल दिया।

**डब्ल्यूडब्ल्यूई का रिंग बना मैदान**

## खिलाड़ियों में हुई जमकर उठा-पटक, लियोनेल मेसी देखते रहे

**चेस्टर (अमेरिका), एजेंसी।** मेजर लीग सॉकर में इंटर मियामी के मुकाबले में कुछ ऐसा देखने को मिला, जो डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में ही दिखता है। वैसे तो फुटबॉल के मैदान पर खिलाड़ियों के बीच विवाद आम है। कई बार हाथापाई भी हो जाती है।



लेकिन इंटर मियामी और फिलाडेल्फिया यूनियन के बीच मुकाबले में बात काफी ज्यादा बढ़ गई। यहां खिलाड़ियों के बीच उठा-पटक हो गया। इस मुकाबले के इंजरी टाइम (101वें मिनट) में इंटर मियामी के डिफेंडर ने फिलाडेल्फिया यूनियन के 16 साल के कैवन सुलिवन के खिलाफ बॉक्स के अंदर टैकल किया। इससे वह गिर गए। इंटर मियामी के दूसरे खिलाड़ी इयान फ्रे ने सुलिवन को सिर पर धक्का देने की कोशिश की। इस बीच कैवन सुलिवन ने फ्रे के पैर से हवा में उठाया और जमीन पर पटक दिया। इसके बाद ऐसे लग रहा था जैसे दोनों खिलाड़ी कुश्ती कर रहे हों। इस बीच दोनों टीमों के अन्य खिलाड़ियों ने आकर बीच बचाव किया।

**एफआईएच हॉकी वर्ल्ड कप**

## भारत ने पाकिस्तान का किया गेम ओवर, 5-3 से चटाई धूल



**एम्सटेलवीन (नीदरलैंड्स), एजेंसी।** पाकिस्तान के खिलाफ भारत का 'वर्चस्व' बरकरार है। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में खेले गए पूल डी के मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 5-3 से हराया। भारत ने मुकाबले की शुरुआत दमदार अंदाज में की और गेंद पर कंट्रोल बनाया। मैच के चौथे मिनट में ही भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसका भरपूर फायदा उठाते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। 1-0 की बढ़त को भारत ने जल्द ही दोगुना कर दिया। मैच के 11वें मिनट में अभिषेक से मिले शानदार पास को मंदीप सिंह ने गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर में 2-0 की बढ़त के साथ भारतीय टीम का पूरी तरह से दबदबा रहा। दूसरे क्वार्टर का आगाज भी भारतीय टीम ने शानदार तरीके से किया। मैच के 20वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए कप्तान हरमनप्रीत ने भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। हालांकि, इसके बाद पाकिस्तान ने मैच में कुछ हद तक वापसी करने की कोशिश की। मैच के 21वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से हन्नान शाहिद ने पहला गोल दागा। इसके ठीक दो मिनट बाद ही अभिषेक ने एक और शानदार गोल दागा और भारत की बढ़त को 4-1 कर दिया। मैच के 24वें मिनट में सुफियान खान ने पाकिस्तान की ओर से दूसरा गोल किया और स्कोर को 4-2 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत के सुखजीत सिंह को ग्रीन कार्ड मिला। मैच के 34वें मिनट मे भारत ने अपनी बढ़त को 5-2 कर दिया। भारत के लिए पांचवां गोल हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर दागा। चौथे और अंतिम क्वार्टर की शुरुआत पाकिस्तान के लिए अच्छी रही। मैच के 45वें मिनट में पाकिस्तान के हन्नान शाहिद ने गोल करते हुए स्कोर को 5-3 कर दिया। इसके बाद भारत और पाकिस्तान की तरफ से गोल करने के कई प्रयास किए गए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता हाथ नहीं लगी। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को गोल करने का कोई और मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने अगले राउंड में अपनी जगह बना ली है। वहीं, हार के साथ पाकिस्तान का विश्व कप में सफर समाप्त हो गया है।

# पाकिस्तानी बल्लेबाज ने बना दिया शर्मनाक रिकॉर्ड... 43 साल में पहली बार हुआ ऐसा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले मैदान पर खेला जा रहा है. इस मुकाबले में पाकिस्तान बल्लेबाजों का प्रदर्शन पहली पारी में निराशाजनक रहा और पूरी टीम 171 रनों पर सिमट गई. सलामी बल्लेबाज अजान अवैस ने तो पाकिस्तानी फैन्स की उम्मीदों पर बिल्कुल भी खरे नहीं उतर पाए. मुकाबले की पहली ही गेंद पर ओली रॉबिन्सन ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया. ओली रॉबिन्सन ने मैच की पहली गेंद वॉबल सीम के साथ फेंकी, जो बाएं हाथ के बल्लेबाज अजान अवैस के लिए अंदर की ओर आई. अजान गेंद की लाइन को सही तरीके से पढ़ नहीं सके और गेंद सीधे उनके पैड से जा टकराई. इंग्लैंड की जोरदार अपील के बाद अंपायर क्रिस गैफनी ने उन्हें आउट करार दिया. अजान अवैस ने अंपायर के फैसले को चुनौती देते हुए तुरंत डीआरएस लिया. रिप्ले में साफ हुआ कि गेंद उनके बल्ले से नहीं लगी थी. इसके बाद बॉल ट्रैकिंग में इम्पैक्ट से लेकर विकेट तक तीनों रेड दिखाई दिए. गेंद मिडिल स्टम्प के ऊपरी हिस्से से टकरा रही थी और तीसरे अंपायर ने क्रिस गैफनी के फैसले को बरकरार रखा.



### मोहसिन खान के क्लब में एंट्री

इस तरह अजान अवैस को टेस्ट सीरीज की अपनी पहली गेंद पर ही पवेलियन लौटना पड़ा और एक अनचाही लिस्ट में शामिल हो गए. अजान पाकिस्तान के सिर्फ दूसरे ओपनर हैं, जिन्हें किसी टेस्ट की पहली गेंद पर आउट होना पड़ा. इससे पहले 1983 में मोहसिन खान भारत के खिलाफ जालंधर टेस्ट में मैच की पहली गेंद पर आउट हुए थे. यानी पाकिस्तान के किसी ओपनर के साथ 43 साल में यह घटना दोहराई गई.अजान अवैस ने जहां शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया, वहीं ओली रॉबिन्सन ने एक खास उपलब्धि हासिल की. वह इंग्लैंड की धरती पर आयोजित किसी टेस्ट मैच की पहली गेंद पर विकेट लेने वाले केवल चौथे इंग्लिश गेंदबाज बन गए. इस कारनामे की शुरुआत मौरिस टेट ने 1926 में की थी. उन्होंने लीड्स में ऑस्ट्रेलिया के वॉरेन बार्ड्सले को पहली गेंद पर आउट किया था. इसके 48 साल बाद ज्योफ अर्नोल्ड ने 1974 में बर्मिंघम टेस्ट की पहली गेंद पर भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर को पवेलियन भेजा था. 2007 में रयान साइडबॉटम ने वेस्टइंडीज के डेरेन गंगा को चेस्टर-ले-स्ट्रीट टेस्ट की पहली गेंद पर आउट किया था.

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com